दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली सोमवार 11 मई -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 138 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3










# योगी कैबिनेट का विस्तार: 60 हुई मंत्रियों की संख्या

## भूपेंद्र चौधरी और मनोज पांडेय समेत 6 नए चेहरों ने ली शपथ



**लखनऊ।** अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अपने कैबिनेट का दूसरा विस्तार किया। सीएम ने पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और सपा के बागी विधायक मनोज पांडेय समेत कुल छह नए चेहरों को अपने कैबिनेट में शामिल किया। इसके साथ ही योगी कैबिनेट की संख्या 60 हो गई। नए मंत्रियों में भूपेन्द्र सिंह और मनोज का जहां कैबिनेट मंत्री बनाया गया है। वहीं, दलित समाज की महिला विधायक कृष्णा पासवान और सुरेंद्र दिलेर के अलावा अति पिछड़े समाज के हंसराज विश्वकर्मा और लोध समाज के कैलाश राजपूत को राज्य मंत्री बनाया गया है। साथ ही दो राज्य मंत्रियों डॉ. सोमेंद्र तोमर और अजित पाल सिंह को प्रोन्नति देते हुए उन्हें राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बनाया गया है।

राज्यपाल आनंदीबनेट पटेल ने जन भवन के गांधी सभागार में आयोजित समारोह में सभी मंत्रियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। कैबिनेट मंत्री के तौर पर शपथ लेने वाले मंत्रियों में भूपेंद्र सिंह चौधरी विधान परिषद सदस्य हैं। वे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं, जबकि मनोज कुमार पांडेय ऊंचाहार सीट से सपा के टिकट पर चुनाव जीते थे, लेकिन राज्यसभा चुनाव में बगावत करके उन्होंने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान किया था। तभी से उनके मंत्री बनाए जाने की चर्चा थी। वहीं, राज्यमंत्री की शपथ लेने वाली कृष्णा पासवान फतेहपुर जिले की खागा से, सुरेंद्र दिलेर अलीगढ़ जिले की खैर सीट से और कैलाश सिंह राजपूत कन्नौज के तिर्वा से विधायक हैं। जबकि प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र के रहने वाले हंसराज विश्वकर्मा विधान परिषद सदस्य हैं। ये लगातार दूसरी बार से वाराणसी के जिलाध्यक्ष भी हैं। इनके स्थान पर अभी नए जिलाध्यक्ष की नियुक्ति नहीं हुई है।

# ओएनजीसी के सहयोग से विद्यार्थियों को बांटे गए टैबलेट

## अतुल गर्ग और संजीव शर्मा ने डिजिटल शिक्षा पर दिया जोर




**मंच से संबोधित करते हुए अतुल गर्ग और संजीव शर्मा ने कहा कि आधुनिक दौर में डिजिटल शिक्षा समय की आवश्यकता बन चुकी है।**

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद में आयोजित शिक्षा टैबलेट वितरण कार्यक्रम में डठग्ङ्ख के सहयोग से विद्यार्थियों को टैबलेट वितरित किए गए। कार्यक्रम में सांसद अतुल गर्ग और विधायक संजीव शर्मा मुख्य रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने और तकनीक के माध्यम से पढ़ाई को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया।

मंच से संबोधित करते हुए अतुल गर्ग और संजीव शर्मा ने कहा कि आधुनिक दौर में डिजिटल शिक्षा समय की आवश्यकता बन चुकी है। उन्होंने कहा कि टैबलेट जैसे संसाधनों से विद्यार्थियों को पढ़ाई में नई सुविधाएं मिलेंगी और उनका भविष्य और मजबूत होगा। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने इस पहल को शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक कदम बताया।

# कैबिनेट विस्तार के बाद कहां एडजस्ट होगा त्यागी फैक्टर

## संगठन में मिलेगी बड़ी जिम्मेदारी या अभी बाकी है उम्मीदों की पारी





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** रविवार को उत्तर प्रदेश सरकार मंत्रिमंडल का विस्तार हुआ। कैबिनेट विस्तार के बाद सभी की निगाहें इस बात पर हैं कि जिन दो त्यागी चेहरों को लेकर सबसे ज्यादा उम्मीद थी आखिर उन त्यागी चेहरों के ना आने के बाद अब पश्चिमी उत्तर प्रदेश की राजनीति में भाजपा त्यागी फैक्टर को किस तरह एडजस्ट करेगी। वेस्ट यूपी की भगवा राजनीति में त्यागी फैक्टर का अपना स्थान है। रविवार को मंत्रिमंडल का विस्तार हो गया और इस विस्तार के बाद ये स्पष्ट हो गया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश से किसी त्यागी चेहरे को स्थान नहीं मिला है। इधर विस्तार हो रहा था और उधर जदयू से रालोद में आए पूर्व सांसद केसी त्यागी का यूपी गेट पर भव्य स्वागत हो रहा था। केसी त्यागी राजनीति का बड़ा चेहरा हैं, राष्ट्रीय चेहरों में गिनती होती है और उन्होंने एक लंबे समय के बाद अब सियासत का गियर चेंज किया और वो रालोद के साथ एसोसिएट हैं। केसी त्यागी का जलवा राजनीति में सब जानते हैं। वो अभी रालोद में आए हैं और प्रदेश की राजनीति में वो ज्यादा दखल देंगे भी नहीं। वहीं ऐसे में कैबिनेट को लेकर ये चर्चा थी कि यहां पश्चिमी उत्तर प्रदेश में त्यागी फैक्टर पर काम करते हुए भाजपा पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष तथा एमएलसी अश्वनी त्यागी को मौका दे सकती है और यहां मुरादनगर से विधायक अजीतपाल त्यागी को मंत्रिमंडल में स्थान मिल सकता है। दैनिक करंट क्राइम ने पहले ही ये प्रकाशित किया था कि ये दोनों चेहरे राजनीति और खातौर से त्यागी राजनीति के बड़े चेहरे हैं। चर्चा यही है कि पश्चिम में अगर त्यागी चेहरे को स्थान नहीं मिला है तो अब त्यागी फैक्टर को भाजपा कहां एडजस्ट करेगी।

पश्चिम उत्तर प्रदेश की बात करें तो ये दो नाम कहां एडजस्ट होंगे। जहां तक केसी त्यागी की बात है तो वो राजनीति का बड़ा चेहरा हैं।

एक अनुभव की पूंजी उनके पास है। रविवार को जब मंत्रियों की लिस्ट बाहर आ गई तो ये चर्चा रही कि जब अन्य बिरादरियों को स्थान मिला है, जब यहां पांडे जी से लेकर चौधरी जी आ गए, गुर्जर समाज के चेहरे आ गए, ओबीसी कार्ड भी हो गया, लेकिन त्यागी फैक्टर के नाम पर क्या हो गया। सवाल अब यही उठ रहा है कि अगली घोषणा में त्यागी फैक्टर को एडजस्ट किया जाएगा। चेहरों को संगठन में लगाया जा सकता है।

### क्या बसंत त्यागी को मिलेगा क्षेत्रीय अध्यक्ष बनने का मौका



त्यागी फैक्टर पर अगर बात करें तो अजीतपाल त्यागी वर्तमान विधायक हैं। उनके पास विधानसभा के काम हैं। अश्वनी त्यागी क्षेत्रीय अध्यक्ष रह चुके हैं। ऐसे में त्यागी समाज का मजबूत चेहरा बसंत त्यागी है। बसंत त्यागी भाजपा के जिलाध्यक्ष रहे हैं, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष हैं और वर्तमान में प्रदेश संगठन में मंत्री हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि बसंत त्यागी को क्षेत्रीय अध्यक्ष बनाया जा सकता है। उनकी पत्नी जिला पंचायत अध्यक्ष हैं। बसंत त्यागी आमतौर पर खामोश रहते हैं, विवादों से दूर रहते हैं। ऐसे में एक उम्मीद है कि त्यागी समाज से क्षेत्रीय अध्यक्ष आ सकता है।

# जनरल वीके सिंह के बर्थडे पर जब समर्थक ने कही दिल की बात

## कहा- आप आते रहा करो अच्छा लगता है ये आपका साथ



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जनरल वीके सिंह का गाजियाबाद से एक आत्मीय नाता है। अब वो भले ही मिजोरम के राज्यपाल हैं, लेकिन इस तथ्य को दरकिनार नहीं किया जा सकता कि वो लगातार दो बार गाजियाबाद के लोकसभा सांसद रहे हैं, केंद्रीय मंत्री रहे हैं। उनके समर्थकों का अपना एक जलवा है, ये समर्थक हर मौके पर आते हैं। रविवार को जनरल वीके सिंह का जन्मदिन था। मिजोरम के महामहिम जनरल वीके सिंह गाजियाबाद में अपने आवास पहुंचे। अपने जन्मदिन पर वो लोगों से खुलकर मिल रहे थे, शुभकामनाएं स्वीकार कर रहे थे। वो एक संदेश दे रहे थे कि महामहिम होने के बाद भले ही लाइफ बिजी है, लेकिन अपने समर्थकों के लिये वो हमेशा ईजी हैं। जन्मदिन पर उनके चाहने वाले पहुंचे, उनके समर्थक पहुंचे, जनरल की टीआरपी दिखाई दी।

भले ही अब गाजियाबाद की राजनीति में उनकी उतनी दखल नहीं है, लेकिन जन्मदिन पर उनके आवास पर पूरी चहल-पहल नजर आई। भाजपा के नेता पहुंचे और यहां पर जन्मदिन पर बाहर भंडारा चल रहा था। अंदर बधाई समारोह चल रहा था। जनरल वीके सिंह की धर्मपत्नी भारती सिंह और उनके ओएसडी कुलदीप चौहान ने व्यवस्था संभाल ली थी। मंच तैयार था, बधाइयां थी और जनरल वीके सिंह सभी से मिल रहे थे। वो महामहिम हैं उनका प्रोटोकॉल है, लेकिन यहां समर्थकों की गर्मजोशी ऐसी थी कि जनरल वीके सिंह भी फिर उसी मोहब्बत से मिल रहे थे।

जन्मदिन पर राजनीति के सभी चेहरे आए। वो चेहरे भी आए जो जानते हैं कि मुलाकातों का साझा इफेक्ट होता है, मगर ये चेहरे इस भाव से मौजूद थे कि वो इन साझा इफेक्ट से नहीं डरते हैं। बड़ी बात ये थी कि केवल शहरी क्षेत्र के समर्थक नहीं थे बल्कि देहात से भी समर्थक आए थे।

देहात के समर्थकों के बीच ही ये बात चली कि कितनी अच्छी बात है कि जनरल वीके सिंह गाजियाबाद से नाता बनाकर रखते हैं। जन्मदिन की खुशी को गाजियाबाद में सेलिब्रेट करते हैं। ये समर्थकों के भाव थे। दैनिक करंट क्राइम ने इन भावों को जनरल वीके सिंह के साथ चर्चा में साझा किया तो यहां जनरल वीके सिंह ने कहा कि वो गाजियाबाद से कहां गए हैं। उन्होंने कहा कि हम यहीं के निवासी हैं, हमारा घर भी गाजियाबाद में है। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद उनके दिल में बसता है। यहां पर जन्मदिन की बधाई देने के लिये जो चेहरे प्रमुख रूप से पहुंचे थे उनमें पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी, वुडहिल के डायरेक्टर विवेक भाटी, सिविलि डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल, भाजपा नेता पुष्पेंद्र रावत, मोदीनगर विधायक डॉ. मंजू शिवाच, वरिष्ठ भाजपा नेता बृजपाल तेवतिया, वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश साधना, केडी त्यागी सहित कई चेहरे मौजूद थे। वो चेहरे भी थे जो हमेशा रहते हैं।

जनरल वीके सिंह ने भी सभी को अपनेपन का अहसास कराया। जनरल वीके सिंह के जन्मदिन पर उनके आवास के बाहर मेले जैसा माहौल रहा। जिन्हें बधाई देने जाना था वो डटकर पहुंचे और जिन्हें नहीं आना था वो नहीं आए, लेकिन जन्मदिन पर लोगों का आना और उनकी तवज्जों से एक बार फिर ये संदेश गया कि चाहने वाले आज भी मौजूद हैं और वो अपने दिल के जज्बात को अपनी बात के जरिये बाहर रख रहे हैं। जनरल भी अपने जन्मदिन पर अपने घर पर फिर टाइम लिमिट वाले माहौल से बाहर आ गये। समय से कार्यक्रम शुरू हुआ और तय समय के बाद भी देर तक चला। जनरल वीके सिंह प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी अपने जन्मदिन पर पूजा-अर्चना करने के लिये श्री दूधेश्वरनाथ मंदिर पहुंचे। मंदिर से लेकर घर तक और जन्मदिन के फूलों से लेकर बाहर मंच तक जनरल वीके सिंह की टीआरपी का पंच नजर आया।

# छह नए चेहरे, दो प्रमोशन और बड़ा सामाजिक संदेश, भाजपा ने मिशन-2027 की बिछाई नई राजनीतिक बिसात









**लखनऊ/गाज़ियाबाद (करंट क्राइम)।** उत्तर प्रदेश की राजनीति में वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव की औपचारिक तैयारी अब भाजपा ने सरकार के भीतर से शुरू कर दी है। योगी आदित्यनाथ सरकार के दूसरे मंत्रिमंडल विस्तार में जहां छह नए चेहरों को शामिल किया गया, वहीं दो मौजूदा मंत्रियों का प्रमोशन कर भाजपा ने साफ संकेत दे दिया कि आगामी चुनाव केवल विकास, कानून व्यवस्था और राष्ट्रवाद के मुद्दों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि उसकी असली लड़ाई सामाजिक, जातीय और क्षेत्रीय संतुलन की बारीक राजनीतिक बिसात पर लड़ी जाएगी। राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो यह विस्तार भाजपा का अब तक का सबसे स्पष्ट ह्लसोशल इंजीनियरिंग मॉडलह्व है, जिसमें पश्चिमी यूपी से लेकर पूर्वांचल तक और ब्राह्मण से लेकर दलित-अति पिछड़ा वर्ग तक हर प्रभावशाली सामाजिक समूह को साधने की कोशिश दिखाई देती है।

योगी मंत्रिमंडल में इस बार कुल आठ नेताओं को जगह मिली है। इनमें छह नए मंत्री बनाए गए हैं, जबकि दो मौजूदा राज्यमंत्रियों – सोमेंद्र तोमर और अजीत पाल सिंह – को प्रमोट कर स्वतंत्र प्रभार दिया गया है। भाजपा ने इस विस्तार के जरिए ब्राह्मण, जाट, गुर्जर, पासी, वाल्मीकि, विश्वकर्मा और लोधी समाज तक एक साथ राजनीतिक संदेश देने की कोशिश की है।

### ब्राह्मण राजनीति में मनोज पांडेय सबसे बड़ा दांव

करंट क्राइम। सपा छोड़ भाजपा में आए मनोज पांडेय को कैबिनेट मंत्री बनाकर भाजपा ने रायबरेली-अमेठी बेल्ट सहित पूरे ब्राह्मण समाज को बड़ा संदेश देने की कोशिश की है। भाजपा जानती है कि ब्राह्मण मतदाता लंबे समय से राजनीतिक सम्मान और हिस्सेदारी को लेकर संवेदनशील रहा है। ऐसे में विपक्ष से आए प्रभावशाली ब्राह्मण चेहरे को सीधा कैबिनेट में जगह देकर पार्टी ने यह संदेश दिया है कि भाजपा में आने वालों के लिए सत्ता के दरवाजे खुले हैं।

### पश्चिमी यूपी में जाट राजनीति के केंद्र में भूपेंद्र चौधरी

करंट क्राइम। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी को कैबिनेट मंत्री बनाकर भाजपा ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में जाट राजनीति को लेकर अपनी गंभीरता दिखाई है। रालोद के साथ गठबंधन और किसान राजनीति के बदलते माहौल के बीच भाजपा पश्चिमी यूपी में जाट वोट बैंक को लेकर कोई जोखिम नहीं लेना चाहती। भूपेंद्र चौधरी लंबे समय से संगठन और जाट राजनीति दोनों में प्रभावशाली माने जाते हैं।

### सोमेंद्र तोमर का प्रमोशन और गुर्जर समीकरण

करंट क्राइम। मेरठ दक्षिण से विधायक सोमेंद्र तोमर को राज्यमंत्री से स्वतंत्र प्रभार मंत्री बनाना भी भाजपा की पश्चिमी यूपी रणनीति का बड़ा हिस्सा माना जा रहा है। गुर्जर समाज में प्रभाव रखने वाले सोमेंद्र तोमर को प्रमोट कर भाजपा ने साफ संकेत दिया है कि पश्चिमी यूपी में जाट और गुर्जर दोनों प्रभावशाली वर्गों को समान राजनीतिक महत्व दिया जाएगा। मेरठ, बागपत, गाज़ियाबाद और आसपास की सीटों पर इसका असर महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### दलित राजनीति में पासी और वाल्मीकि कार्ड

करंट क्राइम। कृष्णा पासवान को मंत्री बनाकर भाजपा ने पासी समाज को साधने की कोशिश की है। लोकसभा चुनाव के बाद दलित वोट बैंक में आई हलचल के बीच भाजपा अब गैर-जाटव दलित वर्ग को फिर मजबूती से अपने साथ जोड़ना चाहती है। वहीं सुरेंद्र दिलेर को मंत्री बनाकर वाल्मीकि समाज को प्रतिनिधित्व दिया गया है। भाजपा यह संदेश देना चाहती है कि दलित राजनीति केवल एक जाति तक सीमित नहीं है।

### लोधी-राजपूत संतुलन भी साधा

करंट क्राइम। कैलाश राजपूत को मंत्री बनाकर भाजपा ने मध्य यूपी और बुंदेलखंड के लोधी-राजपूत समीकरण पर भी ध्यान दिया है। यह वर्ग लंबे समय से भाजपा की राजनीति में प्रभावी माना जाता है और पार्टी 2027 से पहले इसकी पकड़ और मजबूत करना चाहती है।

### अति पिछड़ों और संगठन को साधने की कोशिश

करंट क्राइम। हंसराज विश्वकर्मा को मंत्रिमंडल में शामिल कर भाजपा ने विश्वकर्मा और अति पिछड़ा वर्ग को साधने की कोशिश की है। लंबे समय तक संगठन में सक्रिय रहे हंसराज विश्वकर्मा को संगठन और सरकार के बीच पुल के रूप में भी देखा जा रहा है। भाजपा लगातार गैर-यादव पिछड़े वर्ग को अपने स्थायी वोट बैंक में बदलने की रणनीति पर काम कर रही है।

### भाजपा का संदेश – हर वर्ग को सत्ता में हिस्सेदारी

करंट क्राइम। राजनीतिक गलियारों में इस विस्तार को केवल मंत्रिमंडल विस्तार नहीं, बल्कि 2027 की चुनावी रणनीति का शुरुआती खाका माना जा रहा है। भाजपा अब सरकार और संगठन दोनों स्तरों पर ऐसा सामाजिक संतुलन बनाना चाहती है, जिससे हर वर्ग को सत्ता में अपनी हिस्सेदारी महसूस हो। आने वाले महीनों में संगठन में भी इसी तर्ज पर बदलाव की संभावना जताई जा रही है। भाजपा का संदेश साफ है — 2027 की लड़ाई अब केवल विपक्ष बनाम सत्ता नहीं होगी, बल्कि सामाजिक समीकरणों की सबसे बड़ी राजनीतिक परीक्षा होगी।

11 May -26 page 2 10-05-2026 11:06 PM Page 1





# योगी मंत्रिमंडल का विस्तार: छह नेताओं ने ली मंत्री पद की शपथ, दो को पदोन्नति

**मंत्रिमंडल विस्तार**

**योगी कैबिनेट में शामिल हुए छह नए चेहरे, भूपेंद्र सिंह व मनोज पांडेय बने मंत्री**



**लखनऊ।** भाजपा नेतृत्व इस विस्तार के जरिये पश्चिम से लेकर पूर्वांचल तक ओबीसी, दलित और ब्राह्मण वोट बैंक को साधने की रणनीति पर काम कर रहा है। जिन नामों की सबसे अधिक चर्चा है, उनमें भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, सपा से भाजपा में आए मनोज पांडेय, बसपा पृष्ठभूमि की पूजा पाल, अलीगढ़ की खैर सीट से विधायक सुरेंद्र दिलेर और दलित चेहरे के तौर पर फतेहपुर के खागा सीट से विधायक कृष्णा पासवान शामिल हैं।

**ब्राह्मणों की नाराजगी दूर करने की कोशिश :** 2027 में यूपी में होने वाले विधानसभा चुनाव के पहले इस मंत्रिमंडल विस्तार में जातीय समीकरण साधने के लिहाज से नाम तय किए गए हैं। ब्राह्मणों की नाराजगी दूर करने के लिए सपा के कद्दावर ब्राह्मण चेहरा रहे मनोज पांडेय का नाम तय किया गया है। पिछड़े समाज और पश्चिमी यूपी के समीकरण को साधने के लिए जाट समाज से पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी जैसे बड़े चेहरे को भी मंत्री बनाया जाना तय है।

सपा की बागी विधायक पूजा पाल और भाजपा की वरिष्ठ विधायक कृष्णा पासवान को मंत्री बनाकर भाजपा ओबीसी और दलित के साथ ही महिला समीकरण को भी दुरुस्त करना चाहती है। वाराणसी से एमएलसी और ओबीसी चेहरा हंसराज विश्वकर्मा भी मंत्रियों के नए चेहरे में शामिल होंगे।

इसके अलावा एसटी वर्ग से विधायक सुरेंद्र दिलेर का नाम तय है। हालांकि सरकार और संगठन की ओर से इन नामों की अधिकृत जानकारी नहीं दी गई है। वहीं, सूत्रों के मुताबिक इनमें से कई लोगों को फोन से सूचना दी गई है, कि वह रविवार को 3 बजे तक जनभवन पहुंच जाएं।

संवैधानिक व्यवस्था में योगी कैबिनेट में कुछ 60 विधायकों को मंत्री बनाया जा सकता है। मौजूदा समय में सीएम समेत कुल 54 मंत्री हैं। ऐसे में छह पद रिक्त है।

सूत्रों को मुताबिक सरकार और संगठन के बीच आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए फिलहाल रिक्त पदों को भरने के लिए छह लोगों को ही मंत्री बनाने का फैसला किया गया है। हालांकि सूत्रों का कहना है कि शपथ दिलाने के बाद कुछ मंत्रियों के विभागों में फेरबदल किया जाएगा।

## गहरे समुद्री इलाके से करीब 3,500 लीटर डीजल जब्त

**ओडिशा।** ओडिशा पुलिस ने समुद्री तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए गहरे समुद्री इलाके से करीब 3,500 लीटर डीजल जब्त किया है। इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया गया है। पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई जगतसिंहपुर जिले के पारादीप मरीन पुलिस क्षेत्र में विशेष अभियान के दौरान की गई। पुलिस ने एक मोटरबोट को रोका, जिसमें अवैध तरीके से डीजल ले जाया जा रहा था। जब्त डीजल के साथ नाव और अन्य सामान भी कब्जे में लिया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुनपल्ली नीलय्या के रूप में हुई है, जो आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले का रहने वाला है।

पुलिस के मुताबिक आरोपी जहाजों से अवैध लेनदेन में शामिल थे। शुरूआती जांच में सामने आया है कि इस नेटवर्क के जरिए डीजल के अलावा पहले से एक्टिव सिम कार्ड, शराब, मांस, सब्जियां, नशीले पदार्थ और नकदी की भी तस्करी की जा रही थी।

# एक्शन में शुभेंदु अधिकारी: बंगाल में बड़ा प्रशासनिक बदलाव, सीएम ने पहले ही दिन लिया अहम फैसला

**तबादला**

**पूर्व सीएम ममता बनर्जी के नेतृत्व वाले पूर्व केंद्रीय कार्यालय से जुड़े 16 नौकरशाहों को बदल दिया गया**




**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में नवगठित शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार में आने वाले महीनों में पुलिस और प्रशासनिक ढांचे में बड़े स्तर पर फेरबदल होने के संकेत मिल रहे हैं। इसकी झलक सरकार के पहले ही दिन देखने को मिल गई। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शपथ ग्रहण के 24 घंटे के अंदर राज्य सचिवालय स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय की नौकरशाही संरचना में व्यापक बदलाव किए हैं। पूर्व सीएम ममता बनर्जी के नेतृत्व वाले पूर्व केंद्रीय कार्यालय से जुड़े 16 नौकरशाहों को बदल दिया गया है। स्थानांतरित किए गए पूर्व अधिकारियों में सबसे प्रमुख नाम 2014 बैच के आईएएस शांतनु मुखोपाध्याय का है, जो ममता बनर्जी के बेहद करीबी माने जाते हैं।

**ममता के करीबी अधिकारियों का तबादला :** तृणमूल कांग्रेस से संबद्ध पश्चिम बंगाल सरकारी कर्मचारी संघ के शीर्ष नेता व केंद्रीय कार्यालय में तैनात प्रताप नायक का तबादला दार्जिलिंग जिले के बिजनबारी स्थित पालबाजार ब्लॉक विकास कार्यालय में कर दिया गया है। ममता बनर्जी के कार्यकाल में प्रधान सचिव के रूप में कार्यरत 46 अधिकारियों को अस्थायी रूप से राज्य कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग में तैनात किया गया है। इन अधिकारियों की अगली तैनाती का निर्णय बाद में लिया जाएगा।

शपथ ग्रहण समारोह के कुछ ही घंटों बाद सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी सुब्रता गुप्ता को पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री का सलाहकार नियुक्त किया गया है।

# सीएम बनते ही एक्शन में विजय पहले ही दिन लिए ताबड़तोड़ फैसले



**तीन बड़े फैसले**

**'धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक न्याय के लिए काम करने वाले नए शासन की शुरूआत हो गई'**

**चेन्नई।** तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) के संस्थापक सी जोसेफ विजय ने रविवार को मुख्यमंत्री पद संभालते ही तीन बड़े फैसले लिए हैं। उन्होंने घरेलू उपभोक्ताओं को 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने के आदेश पर हस्ताक्षर किए। इसके साथ ही महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष बल बनाने और पूरे राज्य में नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए एंटी-ड्रग यूनिट बनाने से जुड़े दस्तावेजों पर भी हस्ताक्षर किए।

**200 यूनिट मुफ्त बिजली, महिला सुरक्षा के लिए विशेष बल**

मुख्यमंत्री पद संभालने के बाद चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में अपने पहले संबोधन में विजय ने कहा कि अब सच्ची धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक न्याय के लिए काम करने वाले नए शासन की शुरूआत हो गई है।

उन्होंने कहा कि सरकार में उनके अलावा कोई दूसरा शक्ति केंद्र नहीं होगा और वही एकमात्र शक्ति केंद्र रहेंगे।

विजय ने सरकार बनाने के लिए उनकी पार्टी को समर्थन देने पर कांग्रेस, वीसीके, आईयूएमएल और वामपंथी दलों का धन्यवाद किया। उन्होंने खास तौर पर युवाओं का आभार जताया और कहा कि टीवीके की जीत में युवाओं की बड़ी भूमिका रही, क्योंकि उन्होंने अपने परिवारों को उनकी पार्टी के लिए वोट देने के लिए मनाया।

जोसेफ विजय के शपथ ग्रहण समारोह में आज कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी शामिल हुए। इसके साथ ही तमिलनाडु में करीब 60 साल बाद पहली बार गैर द्रविड़ दल की सरकार बनी है। विजय की कैबिनेट में युवा और अनुभवी नेताओं को शामिल किया गया है। अभिनेता से नेता बने विजय की करीबी टीम को उनकी पहली सरकार में जगह मिली है।

अपने पहले संबोधन में विजय ने कहा कि वह किसी शाही परिवार से नहीं आते और लोगों ने उन्हें स्वीकार किया है।

उन्होंने कहा कि वह जनता को झूठे वादे कर उन्हें धोखा नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि अब एक नई शुरूआत हुई है और सच्चे धर्मनिरपेक्ष तथा सामाजिक न्याय के नए दौर की शुरूआत हो रही है।

शपथ ग्रहण के बाद तमिलनाडु के नए मुख्यमंत्री सी जोसेफ विजय ने युवा मतदाताओं, खासकर जेन-जी समर्थकों का धन्यवाद किया। उहोंने कहा, जो छोटे दोस्त मुझे विजय मामा कहते हैं, उन्हीं की वजह से यह संभव हुआ है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वह युवाओं के बेहतर भविष्य के लिए काम करेंगे। भावुक होते हुए विजय ने कहा, भरोसा रखिए, आपका विजय मामला हमेशा आपके साथ रहेगा।

# जयराम रमेश ने पर्यावरण मंत्रालय को लिखा पत्र, बोले-ईआईए प्रक्रिया मजाक बनी

**आरोप**

**कांग्रेस नेता ने ग्रेट निकोबार डेवलपमेंट प्रोजेक्ट को लेकर पर्यावरण मंत्रालय पर गंभीर सवाल उठाए**



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता और राज्यसभा सदस्य जयराम रमेश ने ग्रेट निकोबार डेवलपमेंट प्रोजेक्ट को लेकर केंद्र सरकार और पर्यावरण मंत्रालय पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने केंद्रीय पर्यावरण मंत्री को एक विस्तृत पत्र लिखकर कहा कि सरकार जिस मजबूत और व्यापक पर्यावरण प्रभाव आकलन यानी ईआईए का दावा कर रही है, वह दस्तावेजों और रिपोर्टों में कहीं दिखाई नहीं देता। जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि इस परियोजना के लिए किए गए पर्यावरणीय अध्ययन बेहद सीमित, अधूरे और वैज्ञानिक मानकों के खिलाफ हैं।

उन्होंने अपने पत्र में कहा कि 1 मई को सरकार ने 'ग्रेट निकोबार परियोजनाः अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न' जारी कर दावा किया था कि परियोजना के संभावित पर्यावरणीय प्रभावों का व्यापक अध्ययन किया गया है और उन्हें प्रभावी तरीके से मैनेज किया जा रहा है। जयराम रमेश ने कहा कि उन्होंने 3 मई को इन पूछे जाने वाले प्रश्न का जवाब दिया था, लेकिन अब वे कुछ और महत्वपूर्ण तथ्य सामने रखना चाहते हैं।

जयराम रमेश ने कहा कि कानून के मुताबिक अंडमान-निकोबार जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में बनने वाले बड़े पोर्ट प्रोजेक्ट्स के लिए व्यापक ईआईए जरूरी होता है। इसके तहत कम से कम तीन मौसमों का विस्तृत अध्ययन किया जाना चाहिए ताकि पर्यावरण और जैव विविधता पर पड़ने वाले असर का सही आकलन हो सके। उन्होंने 3 नवंबर 2009 के पर्यावरण मंत्रालय के ऑफिस मेमोरेंडम का हवाला देते हुए कहा कि 50 लाख टन प्रति वर्ष से बड़े पोर्ट प्रोजेक्ट्स के लिए व्यापक ईआईए, गणितीय मॉडलिंग और जमीनी सत्यापन अनिवार्य है।

## 34 साल पुराना मर्डर केस सुलझा, दो आरोपी गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद क्राइम ब्रांच ने 34 साल पुराने हत्या के मामले को डीएनए जांच की मदद से सुलझाने का दावा किया है। पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। मृत महिला की पहचान फरजाना राधनपुरी के रूप में हुई है, जो 1992 में लापता हो गई थीं। पुलिस को हाल ही में सूचना मिली थी कि वटवा इलाके के कुतुबनगर में जमीन के नीचे मानव अवशेष दबे हो सकते हैं। इसके बाद 29 अप्रैल को खुदाई की गई, जिसमें करीब 18 फीट नीचे से कंकाल बरामद हुआ। डीएनए जांच में यह पुष्टि हुई कि अवशेष फरजाना के ही हैं। जांच में पता चला कि फरजाना की शादी शम्सुद्दीन खेड़ावाला से हुई थी और वैवाहिक विवाद के कारण उनकी हत्या की साजिश रची गई। पुलिस के अनुसार फरजाना की गला दबाकर हत्या की गई और शव को घर के पास दफना दिया गया।

# तत्काल नहीं, 90 दिन बाद बदलेगा एलपीजी उपभोक्ता का फोन नंबर



**बरेली।** बरेली में लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की किल्लत के बीच अब उपभोक्ताओं को फोन नंबर बदलने के लिए 90 दिन इंतजार करना पड़ेगा। पेट्रोलियम कंपनियों ने पोर्टल पर तत्काल फोन नंबर बदलने की प्रक्रिया स्थगित कर दी है। बायोमीट्रिक जांच के साथ ही केवाईसी होगी।

गैस एजेंसी संचालकों के मुताबिक नए नियम से उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ेगी। अगर किसी उपभोक्ता का मोबाइल फोन खो जाए तो दूसरा नंबर अपडेट होने में 90 दिन लगेंगे। इससे गैस बुकिंग में समस्या होगी। जिन उपभोक्ताओं ने गैस बुक कर ली होगी, उनको ओटीपी के बिना आपूर्ति नहीं मिलेगी। केवाईसी कराने के लिए कनेक्शन धारक को हर हाल में एजेंसी पहुंचना होगा।

**तीन गुना बढ़ी बुकिंग :** ऑल इंडिया एलपीजी डिस्ट्रिब्यूटर्स एसोसिएशन के प्रदेश सचिव आदर्श गुप्ता के मुताबिक पूर्व में ओटीपी से केवाईसी वैध थी लेकिन अब यह बायोमीट्रिक हो गई है। जो कनेक्शन धारक बाहर हैं, उन्हें केवाईसी कराने बरेली आना होगा। जिला पूर्ति अधिकारी मनीष कुमार सिंह के मुताबिक, शुरूआत में एलपीजी की किल्लत की चचाओं के चलते रोजाना के सापेक्ष तीन गुना बुकिंग हो रही थी। अब इसमें खासी कमी आई है। रोजाना 30-35 हजार बुकिंग हो रही हैं। डिलीवरी बैकलॉग भी तीन से चार दिन का है।

# पंडित आरडी शर्मा ने सनातन प्रहरियों को किया सम्मानित, बड़ौत में जुटा ब्राह्मण समाज





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** बड़ौत नगर के दिल्ली रोड स्थित अमर वेंकट हॉल में रविवार को राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ के तत्वावधान में सनातन प्रहरी सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित रामदत्त शर्मा टयोढी ने किया। उन्होंने मंच से अतिथियों, आचार्यों और समाजसेवियों को सम्मानित करते हुए कहा कि सनातन धर्म की रक्षा करने वालों का सम्मान करना पूरे समाज के लिए गौरव का विषय है।

समारोह में तिरंदाजी एवं निशानेबाजी प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतने वाले विद्यार्थी अनंत पंडित, शिव शर्मा और प्रिंस शर्मा को भगवान परशुराम की प्रतिमा देकर सम्मानित किया गया। श्री शिव गुरुकुल स्वाध्याय केंद्र के संस्थापक आचार्य संदीप गौतम शास्त्री, प्रधानाचार्य आचार्य पंडित श्याम वशिष्ठ तथा नर्मदेश्वर महादेव मंदिर के मुख्य आचार्य पुजारी उमेश कौशिक सहित कई आचार्यों को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय महासचिव आदेश फौजी, राष्ट्रीय सचिव सुनील शर्मा, पूर्व विधायक लोकेश दीक्षित, भाजपा जिला अध्यक्ष नीरज शर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी घनश्याम शर्मा, राकेश शर्मा, एडवोकेट विजय शर्मा, प्रदेश महासचिव श्रीमती रेनू शर्मा, महिला जिला अध्यक्ष आरती शर्मा, आचार्य संजय कौशिक, राष्ट्रीय महासचिव सुनीता शर्मा, पूर्व प्रधानाचार्य सेवाराम शर्मा, लोकेश वत्स, राजपाल शर्मा जागोश, जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष अमरेश शर्मा, सुरेश कौशिक, पंडित दिनेश शर्मा, पंडित कृष्ण दत्त शर्मा, हिमांशु कौशिक, रजनी शर्मा, अमित शर्मा, मोनिका शर्मा, अन्नू कौशिक, एडवोकेट राजीव कौशिक, सीडी शर्मा, विकास शर्मा, सत्येंद्र शर्मा और अशोक पांडे सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# फिर शुरू हुई जाट आरक्षण की लड़ाई, गांव-गांव निकलेगी जन चेतना यात्रा





**बुलंदशहर (करंट क्राइम)।** राष्ट्रीय जाट महासभा (भारत) द्वारा बुलंदशहर के शिकारपुर ब्लॉक स्थित गांव बरासऊ में संवाद बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोगों और महिलाओं ने भाग लिया। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय सेवाओं में जाट आरक्षण को लेकर चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि एक वर्ष तक केंद्रीय सेवाओं में आरक्षण लागू रहने के बाद इसे समाप्त कर दिया गया, जिसके चलते अब आरक्षण की लड़ाई को दोबारा मजबूती से शुरू किया जाएगा।

राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन सरोहा ने कहा कि जाट आरक्षण को लेकर अब गांव-गांव जन चेतना यात्रा निकाली जाएगी और आंदोलन को अंतिम दम तक लड़ा जाएगा। वहीं राष्ट्रीय महासचिव अजय प्रमुख ने कहा कि केंद्रीय सेवाओं में जाट आरक्षण लेकर रहेंगे। उन्होंने कहा कि यदि सरकार केंद्रीय सेवाओं में आरक्षण नहीं देती तो देश में आरक्षण आर्थिक आधार पर लागू किया जाए, अन्यथा आरक्षण व्यवस्था समाप्त कर देनी चाहिए।

बैठक का संचालन प्रदेश अध्यक्ष रिशिपाल नैन ने किया। इस दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गजेंद्र सिंह ने किसान मोर्चा की घोषणा करते हुए संगठन के नए पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। सोनीपत की श्रीमती आशा चौधरी को राष्ट्रीय प्रवक्ता, हापुड़ के भानु सिद्धू को युवा जिलाध्यक्ष तथा विनीत चौधरी को किसान मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया। साथ ही बुलंदशहर जिले में संगठन की कमेटी का विस्तार भी किया गया।

बैठक में युवा प्रदेश अध्यक्ष मोहित मलिक, मेरठ मंडल युवा अध्यक्ष कपिल चौधरी, युवा प्रदेश सचिव शिव चौधरी, मुजफ्फरनगर जिलाध्यक्ष अनुकूल चौधरी सहित कई पदाधिकारियों ने अपने विचार रखे और आरक्षण आंदोलन को मजबूत करने का आह्वान किया।

# राज्यपाल बोलीं- गर्ल्स हॉस्टल की सुरक्षा को करें मजबूत, छात्र-छात्राओं की गतिविधियों पर रखें नजर

**समीक्षा बैठक**

**राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों से उत्पाद निर्माण, पैकेजिंग और विपणन में सक्रिय भूमिका निभाने को कहा**



**मेरठ।** प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन लखनऊ में सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की समीक्षा बैठक की। बैठक में विश्वविद्यालय की शैक्षिक गतिविधियों, अनुसंधान कार्यों और छात्र कल्याण पर प्रस्तुतीकरण दिया गया। राज्यपाल ने कृषि विश्वविद्यालयों को केवल शिक्षण तक सीमित न रहने का आह्वान किया। उन्होंने किसानों और युवाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का केंद्र बनने पर विशेष बल दिया।

राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों से उत्पाद निर्माण, पैकेजिंग और विपणन में सक्रिय भूमिका निभाने को कहा। उन्होंने किसानों की समस्याओं के व्यावहारिक समाधान तैयार कर उन्हें बाजार से जोड़ने पर जोर दिया। बैठक में मिलेट उत्पादन को बढ़ावा देने और बहुफसली खेती पर चर्चा हुई। उच्च मूल्य वाले कृषि उत्पादों के विकास पर भी विचार-विमर्श किया गया।

राज्यपाल ने फलों और सब्जियों के अपव्यय को रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रोसेसिंग आधारित उत्पाद विकसित करने की आवश्यकता बताई। विश्वविद्यालयों को शोध और आंकड़ों के आधार पर किसानों को नई तकनीकों के लिए प्रेरित करने को कहा गया। कृषि विज्ञान केंद्रों की भूमि सीमांकन और अतिक्रमण संबंधी मामलों पर भी चर्चा हुई। राज्यपाल ने भूमि नामांतरण की कार्रवाई प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए।

बैठक में कुलसचिव डॉ वीपी सिंह, निदेशक आईक्यूएसी डॉ लोकेश गंगवार, निदेशक शोध डॉ कमल खिलाड़ी निदेशक प्रसार डॉ सतेंद्र कुमार खारी, डॉ आर एस सेंगर, डॉ यूपी शाही, डीन डॉ विजेंद्र सिंह, डॉ रविंद्र कुमार, डॉ जयवीर सिंह, डॉ विवेक धामा सहित विश्वविद्यालय के विभिन्न अधिकारी एवं विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

**छात्राओं की सुरक्षा और छात्रावास प्रबंधन :** राज्यपाल ने छात्राओं की सुरक्षा को लेकर विशेष गंभीरता दिखाई। उन्होंने गर्ल्स छात्रावास की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए। निगरानी प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। छात्र-छात्राओं की गतिविधियों पर नियमित निगरानी रखने को कहा गया।

# डीपीएस एचआरआईटी किड्स में मातृ दिवस की धूम, रैंप वॉक और नृत्य प्रस्तुतियों ने मोहा मन





**गाज़ियाबाद (करंट क्राइम)।** डीपीएस एचआरआईटी किड्स द्वारा मातृ दिवस समारोह वीवीआईपी मॉल स्थित हीरा स्वीट्स सभागार में धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में माताओं और बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी का दिल जीत लिया। आगमन पर सभी माताओं का बैज लगाकर और तिलक कर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नंदनी शेखर रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में अभिषेक शर्मा उपस्थित रहे। समारोह में 'मैं और माँ' गतिविधियों के तहत माताओं और बच्चों ने रैंप वॉक, गायन और नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। कई माताओं ने मंच से माँ के महत्व और परिवार में उनकी भूमिका पर अपने विचार भी साझा किए।

### माँ ही बच्चे की प्रथम गुरु : नंदनी शेखर

मुख्य अतिथि नंदनी शेखर ने कहा कि माँ बच्चे की पहली गुरु होती है और उसके संस्कारों की नींव परिवार से ही पड़ती है। वहीं अभिषेक शर्मा ने कहा कि एक सशक्त माँ ही सशक्त समाज का निर्माण करती है।

### माताओं का किया सम्मान



इस अवसर पर प्राची, गरिमा त्यागी, रूबी, प्रेरणा, कनिका, पूजा, पूनम, छवि, प्रियंका, मेघा, श्वेता, सोनिया, सोनी राय, हिना, आरती, वंदना, मीतू, टीना, शालिनी, राजकुमारी, मीना शुक्ला, संगीता चौहान, पूनम गुप्ता, बबीता, सरिता, पल्लवी और तनु सहित उपस्थित सभी माताओं को पटका पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में संचालिका दिव्या त्यागी ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, सभी माताओं और उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त किया।

# भारतीय किसान यूनियन लोकहित परिवार का विस्तार, खुशबू त्यागी बनी महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष



**गाज़ियाबाद (करंट क्राइम)।** भारतीय किसान यूनियन लोकहित परिवार के संगठन विस्तार अभियान के तहत रविवार को एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय यादव एवं समस्त प्रदेश टीम की उपस्थिति रही। इस अवसर पर संगठन को मजबूत करने और गांव-गांव तक महिलाओं की आवाज पहुंचाने पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम में महिला मोर्चा की युवा प्रदेश अध्यक्ष दिव्या ठाकुर ने श्रीमती खुशबू त्यागी को गाज़ियाबाद जनपद की महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया। संगठन ने बताया कि यह जिम्मेदारी महिला शक्ति को संगठित करने और महिलाओं, किसानों तथा आम जनमानस के अधिकारों की लड़ाई को नई दिशा देने के उद्देश्य से सौंपी गई है।

वक्ताओं ने कहा कि यह नियुक्ति केवल एक पद नहीं, बल्कि अन्याय, शोषण और उत्पीड़न के खिलाफ लड़ाई को मजबूत करने का संकल्प है। उन्हें उम्मीद है कि खुशबू त्यागी संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाते हुए महिला शक्ति को संगठित करेंगे और जनपद में संगठन को नई राजनीतिक एवं सामाजिक ऊर्जा प्रदान करेंगी।

इस कार्यक्रम के माध्यम से भारतीय किसान यूनियन लोकहित परिवार ने संगठन का दायरा बढ़ाने और महिला नेतृत्व को सशक्त बनाने का संदेश दिया।

11 May -26 page 3 10-05-26 11:09 PM Page 1

दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# ब्राह्मण समाज सदियों से देश की वैचारिक शक्ति रहा है, संगठित रहकर हमें अपनी भूमिका और मजबूत करनी होगी : माता प्रसाद पांडेय

## साहिबाबाद में अमरपाल शर्मा का शक्ति प्रदर्शन, उमड़ी समाज की भीड़


















**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के वसुंधरा सेक्टर-7 मैदान में रविवार को आयोजित भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह पश्चिम उत्तर प्रदेश में ब्राह्मण समाज की अब तक की सबसे बड़ी सामाजिक और राजनीतिक जुटानों में शामिल रहा। अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के बैनर तले पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा के नेतृत्व में हुए इस भव्य आयोजन में पश्चिम यूपी के विभिन्न जिलों से पहुंचे हजारों की संख्या में ब्राह्मणों समाज के चेहरों ने भाग लिया। विशाल मैदान ब्राह्मण एकता के नारों, भगवान परशुराम के जयघोष और सामाजिक सम्मान की आवाज से गूंज उठा। कार्यक्रम में गाजियाबाद, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, मेरठ, बागपत, मुजफ्फरनगर, शामली, सहारनपुर, अलीगढ़, जेवर और बड़ौत समेत कई जिलों से सैकड़ों संगठनों की भागीदारी रही।

कार्यक्रम में मंच, एलईडी स्क्रीन, पंखों, कूलरों और भोजन प्रसाद की व्यापक व्यवस्था की गई थी। मुंबई से आए कलाकारों ने भगवान परशुराम लीला का मंचन किया, जिसे देखने के लिए देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ मैदान में डटी रही। आयोजन की भव्यता और भीड़ को लेकर पूरे कार्यक्रम में पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा की राजनीतिक और सामाजिक पकड़ चर्चा का केंद्र बनी रही। पिछले एक महीने से उनकी टीम पश्चिम यूपी के गांव-गांव और कस्बों में जाकर लोगों को जोड़ने में लगी हुई थी, जिसका असर आयोजन में साफ दिखाई दिया।

### परशुराम जयंती पर ब्राह्मण समाज देश को दिशा देने वाला वर्ग : माताप्रसाद पांडेय





करंट क्राइम। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और उत्तर प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माताप्रसाद पांडेय ने कहा कि ब्राह्मण समाज सदियों से देश की वैचारिक शक्ति रहा है। उन्होंने कहा कि समाज को संगठित रहकर अपनी भूमिका और मजबूत करनी होगी। उन्होंने अमरपाल शर्मा के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इतनी बड़ी संख्या में समाज को एक मंच पर लाना आसान कार्य नहीं है।

### परशुराम जयंती पर पश्चिम यूपी में ब्राह्मण एकता का बड़ा चेहरा बने अमरपाल शर्मा



करंट क्राइम। पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण समाज ने हमेशा राष्ट्र और समाज को दिशा देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम अन्याय और अत्याचार के खिलाफ संघर्ष के प्रतीक हैं। आज का आयोजन समाज की एकजुटता और आत्मसम्मान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज किसी के खिलाफ नहीं, बल्कि समाज को साथ लेकर चलने में विश्वास करता है। अमरपाल शर्मा ने कहा कि ब्राह्मणों को उनका उचित सम्मान मिलना चाहिए और समाज के साथ किसी प्रकार का भेदभाव स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने युवाओं से भगवान परशुराम के आदर्शों पर चलने और समाज के कमजोर वर्गों की रक्षा के लिए आगे आने का आह्वान किया।

### परशुराम जयंती पर समाज की ताकत उसकी एकजुटता में : सनातन पांडेय



करंट क्राइम। विशिष्ट अतिथि सांसद सनातन पांडेय ने कहा कि वसुंधरा में उमड़ी भीड़ इस बात का संकेत है कि ब्राह्मण समाज अब अपनी सामाजिक ताकत को संगठित रूप में प्रस्तुत कर रहा है। उन्होंने कहा कि समाज को अपनी सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं को मजबूत बनाए रखना होगा।

### परशुराम जयंती पर अमरपाल शर्मा ने किया ऐतिहासिक प्रयास : पीताम्बर शर्मा



करंट क्राइम। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विश्व ब्राह्मण कल्याण परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पीताम्बर शर्मा ने कहा कि अमरपाल शर्मा ने पश्चिम उत्तर प्रदेश के ब्राह्मण समाज को एक मंच पर लाकर ऐतिहासिक कार्य किया है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन आने वाले समय में समाज को नई दिशा देने का काम करेगा। कार्यक्रम में पंडित मुकेश शर्मा सहित कई वक्ताओं ने ब्राह्मण समाज की एकता, सामाजिक सम्मान और संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। समारोह के दौरान पूरा मैदान भगवान परशुराम के जयकारों और ब्राह्मण एकता के नारों से गूंजता रहा।


### अखिलेश यादव के होर्डिंग्स ने दिए राजनीतिक संकेत, संदेश भी गया और संतुलन भी बना रहा




करंट क्राइम। पूरे आयोजन स्थल पर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के बड़े-बड़े होर्डिंग्स और तस्वीरों को प्रमुखता से स्थान दिया गया था। मंच से लेकर मैदान के विभिन्न हिस्सों तक अखिलेश यादव की मौजूदगी वाले पोस्टर साफ तौर पर दिखाई दे रहे थे। राजनीतिक जानकार इसे एक सोची-समझी रणनीति मान रहे हैं। दरअसल, अमरपाल शर्मा ने बिना सीधे राजनीतिक भाषण दिए यह संकेत दे दिया कि उनका राजनीतिक फोकस और संदेश किस दिशा में है। ब्राह्मण समाज के विशाल आयोजन के बीच अखिलेश यादव की प्रमुख मौजूदगी ने सपा नेतृत्व तक भी स्पष्ट संदेश पहुंचाया। राजनीतिक हलकों में चर्चा रही कि एक अनुभवी और साधे हुए राजनेता की तरह अमरपाल शर्मा ने अपने समर्थकों, समाज और पार्टी नेतृत्व—तीनों तक अपनी बात प्रभावी ढंग से पहुंचाने का काम किया।







### 2027 की तैयारी में अमरपाल शर्मा का शक्ति प्रदर्शन, पश्चिम यूपी में दिया बड़ा राजनीतिक संदेश

करंट क्राइम। भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह को राजनीतिक गलियारों में 2027 उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारी से जोड़कर देखा जा रहा है। पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा ने जिस तरह पश्चिम उत्तर प्रदेश के दर्जनों जिलों से हजारों ब्राह्मणों की भीड़ जुटाई, उसने उनके राजनीतिक प्रभाव और संगठन क्षमता को खुलकर सामने ला दिया। खास बात यह रही कि कार्यक्रम केवल धार्मिक आयोजन तक सीमित नहीं दिखा, बल्कि यह ब्राह्मण समाज की एकजुटता और राजनीतिक भागीदारी का बड़ा मंच बन गया। राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो अमरपाल शर्मा ने इस आयोजन के जरिए समाजवादी पार्टी नेतृत्व को यह संदेश देने का प्रयास किया कि पश्चिम यूपी में ब्राह्मण समाज को जोड़ने और बड़े स्तर पर मोबिलाइज करने की क्षमता उनके पास है। आने वाले विधानसभा चुनावों में ब्राह्मण वोट बैंक की भूमिका को देखते हुए यह आयोजन सपा के लिए भी राजनीतिक माइलेज वाला माना जा रहा है। बड़ी संख्या में जुटी भीड़ और पश्चिम यूपी के अलग-अलग जिलों की भागीदारी ने अमरपाल शर्मा की दावेदारी और प्रभाव को नई मजबूती दी है।

# बंगाल में सत्ता परिवर्तन के साथ शिवेंदु अधिकारी के सामने व्यवस्था परिवर्तन की सबसे बड़ी चुनौती: बालेश्वर त्यागी





**पाँच प्रमुख बातें**

**1 नौकरशाही पर भरोसा सबसे बड़ी परीक्षा**
36 वर्ष के वाम शासन और 15 वर्ष के टीएमसी शासन में काम कर चुकी नौकरशाही में निष्पक्ष और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों की पहचान करना शिवेंदु अधिकारी के सामने सबसे बड़ी प्रशासनिक चुनौती होगी।

**2 कानून व्यवस्था पर पहला बड़ा दबाव**
शपथ ग्रहण से पहले ही पीए की हत्या ने संकेत दे दिया कि बंगाल में अपराध और राजनीतिक संरक्षण प्राप्त गुंडागर्दी पर नियंत्रण आसान नहीं होगा। कानून का राज स्थापित करना सरकार की प्राथमिक परीक्षा होगी।

**3 महिला सुरक्षा पर जनता की सबसे बड़ी अपेक्षा**
अर्जिकर रेप कांड और संदेशखाली जैसे मुद्दों पर जनता ने भाजपा को समर्थन दिया। अब महिलाओं के खिलाफ अपराध रोकना और सुरक्षा का भरोसा जमीन पर उतारना सरकार की सबसे संवेदनशील चुनौती होगी।

**4 कट मनी और टोलाबाजी की राजनीतिक संस्कृति खत्म करना**
बंगाल में वर्षों से जमी कट मनी और राजनीतिक वसूली की संस्कृति को खत्म करना आसान नहीं होगा। भाजपा के सामने चुनौती होगी।

**5 भारी जनसमर्थन के साथ अपेक्षाओं का पहाड़**
जनता में बड़े बदलाव की उम्मीद जगी है। यही जनसमर्थन शिवेंदु अधिकारी के लिए सबसे बड़ी ताकत भी होगा और सबसे बड़ी जिम्मेदारी भी।



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शिवेंदु अधिकारी ने पांच मंत्रियों के साथ बंगाल के पहले भाजपा मुख्य मंत्री के रूप में शपथ ग्रहण कर ली है। इस प्रचंड जीत ने शिवेंदु के सामने अपेक्षाओं का पहाड़ खड़ा कर दिया है। ये किसी आम मुख्य मंत्री से इतनी अपेक्षाएं नहीं होती। अगर शिवेंदु जी के सामने कौन प्रमुख चुनौती है तो उनमें सबसे पहली और बड़ी चुनौती ये ही होगी कि वे सरकार की ब्यूरोक्रेसी में किस पर भरोसा करे किन पर नहीं। जिस नौकर शाही को निरंतर 36 वर्ष कम्युनिस्ट शासन और 15 वर्ष टीएमसी के शासन में एक दल के कार्यकर्ता के रूप में काम करने का अभ्यास हो गया हो, वह स्वतंत्र और निष्पक्ष व्यवहार करना ही भूल गया है।उस व्यवस्था में से अच्छे निष्पक्ष कर्मठ कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों को छांटना अपने आप में बड़ी समस्या होगी।

दूसरे शपथ ग्रहण से पहले ही शिवेंदु अधिकारी के पीए की हत्या करके अपराध और अपराधियों ने अपने दुस्साहस की चुनौती उनके सामने प्रस्तुत कर दी है।कानून का शासन कायम करना बंगाल की बड़ी चुनौती है। जब गुंडे राजनैतिक संरक्षण पा जाते हैं तब उनकी उत्पीड़न की क्षमता बहुत बढ़ जाती है। ममता बनर्जी की संघर्ष की प्रवृति अगर गुंडे अपराधियों और मावलियो के बचाव में ढाल बनकर खड़ी होगी तो चुनौती और गंभीर हो जाएगी।

महिला उत्पीड़न अपने आप में एक बड़ा चुनावी मुद्दा रहा है। भाजपा ने अर्जिकर रेप कांड की पीड़ित की मां और संदेश खाली की पीड़ित को प्रत्याशी बनाकर महिला अत्याचार को बड़ा हथियार बनाया और जनता ने उन्हें विजयी बनाकर इससे मुक्ति दिलाने के लिए भाजपा सरकार पर बड़ा भरोसा किया है। महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराध और अत्याचार से मुक्ति किसी भी सरकार के सामने बड़ी चुनौती होती है। वर्तमान स्थिति में बंगाल की स्थितियों ने इन्हें और भी गम्भीर बना दिया है।भाजपा सरकार के गठन के बाद महिलाओं में अपनी सुरक्षा को लेकर जो अपेक्षा जगी है, उसे वास्तविकता में बदलना और उसके लिए सक्षम पुलिस प्रशासन तंत्र विकसित करना अपने आप में बड़ी चुनौती है।

कट मनी और टोलाबाजी बंगाल की राजनीति की एक संस्कृति बन गई है।राजनैतिक कार्यकर्ता उसे अपना अधिकार समझने लगता है। भाजपा के सामने ये भी एक बड़ी चुनौती होगी कि वह अपने कार्यकर्ता को इस संस्कृति से दूरी बनाने के लिए कैसे सहमत करेगी। श्मशान घाट पर बिकने वाली लकड़ियों में भी टीएमसी के कार्यकर्ता को मिलने वाला टैक्स किसी भी कार्यकर्ता को अपना अधिकार जान पड़ सकता है। दूसरे दलों के कार्यकर्ताओं के रुतबे, उनकी बड़ी बड़ी गाड़ियां, उनके सरकारी अधिकारियों पर प्रभाव और धन प्राप्ति किसी को आकर्षित करने के लिए बड़ा कारण होती है।

भाजपा और उसकी सरकार के सामने ये बड़ी चुनौती होगी कि वे अपने कैडर को इसके लिए सहमत कर पाएं कि इन बुराइयों के कारण ही भाजपा को ये अवसर मिला है। विशेषतौर से उन परिस्थितियों में जब उन कार्यकताओं की संख्या भी अच्छी खासी हो जो दूसरे दलों से आए हो। इन कठिनाइयों के बाद भी इतना बड़ा जनसमर्थन और जन अपेक्षाओं का ज्वार शिवेंदु अधिकारी को बड़े बदलाव के लिए बड़ी प्रेरणा बना रहेगा।

# जैसे ही आया कैबिनेट में मनोज पांडे का नाम देखते ही बन रही थी पंकज शर्मा के चेहरे पर मुस्कान



### मंत्रिमंडल विस्तार में मनोज पांडे को स्थान मिला और इधर मनोज पांडे का नाम आया और उधर उनके करीब अजीज मित्र पंकज शर्मा ने विस्तार होते ही कार का रुख लखनऊ की ओर कर लिया।

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** रविवार को कैबिनेट मंत्रिमंडल का विस्तार हो गया। मंत्रिमंडल विस्तार में मनोज पांडे को स्थान मिला और इधर मनोज पांडे का नाम आया और उधर उनके करीब अजीज मित्र पंकज शर्मा ने विस्तार होते ही कार का रुख लखनऊ की ओर कर लिया। अपने हैं तो फिर खुशी में शामिल होना है, इसके लिये कोई दूरी नहीं, कोई मजबूरी नहीं। पंकज शर्मा राजनीति का एक परिपक्व नाम हैं और सबसे खास बात ये है कि वो रिश्तों को निभाना जानते हैं। उनकी बड़ी पहचान ये है कि एक बार जिससे रिश्ता कायम हो गया तो फिर वो सारी जिंदगी कायम रहता है। मनोज पांडे के उनके रिश्ते लगभग 28 वर्ष पुराने हैं। ये रिश्तों की मिठास थी कि इधर मनोज पांडे कैबिनेट मंत्री बनें और उधर पंकज शर्मा के चेहरे पर मुस्कान आ गई। दोस्त की खुशी को साझा कर रहे थे। राजनीति में रिश्ते होते हैं और ये रिश्ते राजनीति के साथ भी चलते हैं और राजनीति के बाद भी चलते हैं। पंकज शर्मा के कैबिनेट मंत्री मनोज पांडे से कुछ ऐसे ही रिश्ते हैं। वो हमेशा रिश्तों को ताजा रखते हैं। रिश्तों का सम्मान करते हैं।

बताते हैं कि मंत्री मनोज पांडे से उनके रिश्ते 1999 से हैं। दोनों साथ-साथ सपा से भाजपा में आए। कहा तो ये भी जाता है कि मनोज पांडे जब सपा से भाजपा में आए तो फिर पंकज शर्मा भी ज्यादा सोच विचार करे बिना उनके साथ भाजपा में आ गए। सबसे बड़ी बात ये है कि पंकज शर्मा आयु में खुद से छोटे मनोज पांडे को अपना राजनीतिक गुरु भी मानते हैं। मनोज पांडे ने जब मंत्री पद की शपथ ली तो पंकज शर्मा लखनऊ पहुंच चुके थे। लखनऊ पहुंचकर खुशी का एक फोटो पंकज शर्मा ने साझा किया।

रिश्तों को जीवंत किया और यहां सवाल मंत्रालय मिलने का नहीं यहां खुशी दोस्त को दायित्व मिलने की है। दोस्त का राजनीतिक कद बढ़ने की है और अपनों की खुशी में पंकज शर्मा ने अपनी खुशी को साझा किया।

नई दिल्ली | दैनिक करंट क्राइम
04 | सोमवार • 11 मई -2026

# संवाद

## संपादकीय

### भरोसे की बड़ी चुनौती

वोडाफोन आइडिया (वी) ने उद्योग जगत और ऋणदाताओं को संकेत दिया है कि उद्योगपति कुमार मंगलम बिड़ला के कंपनी में गैर-कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में वापस आने के साथ वह अपनी रणनीति को और मजबूत कर रही है। हालांकि बिड़ला ने दूरसंचार क्षेत्र के दो कंपनियों के एकाधिकार में तब्दील होने की आशंकाओं को दूर करने का प्रयास किया है, लेकिन 49 फीसदी सरकारी हिस्सेदारी वाली यह संघर्षरत कंपनी अभी तक बैंकों और वित्तीय संस्थानों का भरोसा जीतने में सफल नहीं हुई है। इसके प्रवर्तकों ब्रिटेन स्थित वोडाफोन पीएलसी और आदित्य बिड़ला समूह ने, जिनकी संयुक्त हिस्सेदारी 25.64 फीसदी है, सरकारी हस्तक्षेप का आग्रह किया था और संकेत दिया था कि नुकसान वाली जगह पर बेकार का निवेश नहीं किया जाना चाहिए। अब, सरकार द्वारा वोडाफोन के समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) से संबंधित बकाया राशि की व्यापक समीक्षा और कंपनी के कुछ बकाया को अपनी इक्विटी में परिवर्तित करने सहित कई लाभ और रियायतें देने के बाद, वोडाफोन के प्रवर्तकों को यह दिखाना होगा कि वे कंपनी में निवेश करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हाल ही में मीडिया से बातचीत में बिड़ला ने कहा कि वोडाफोन के परिचालन संबंधी मापदंडों में ठोस सुधार दिखना शुरू हो गया है और इस गति को 5 अरब डॉलर की पूंजीगत व्यय योजना से सहारा मिलेगा। उन्होंने यह उम्मीद भी जताई कि कंपनी के पुनरुद्धार से ह्यतीन प्रमुख कंपनियों वाले स्वस्थ निजी बाजारह्ल को बनाए रखने में मदद मिलेगी। हालांकि, खबरों के मुताबिक, बैंकों ने वोडाफोन के लगभग 35,000 करोड़ रुपये के ऋण अनुरोध पर अभी तक कोई फैसला नहीं लिया है और उनका कहना है कि दूरसंचार कंपनी को उनके साथ अपना संपर्क बढ़ाना होगा।

मुख्य मुद्दा यह है कि ऋणदाता डिफॉल्ट की स्थिति में अतिरिक्त पूंजी लगाने के लिए प्रवर्तकों से गारंटी और प्रतिबद्धता चाहते हैं। वोडाफोन द्वारा इस तरह का कोई आश्वासन देने का अभी तक कोई सबूत नहीं है। वोडाफोन के एजीआर बकाये में 27 फीसदी की कमी के बाद भी, जो लगभग 87,695 करोड़ रुपये से घटकर लगभग 64,046 करोड़ रुपये हो गया है, दूरसंचार ऑपरेटर को अगले तीन वर्षों में स्पेक्ट्रम बकाये के लिए काफी अधिक राशि का भुगतान करना होगा। हालांकि, इसका एजीआर बकाया वित्त वर्ष 2036 से छह वर्षों में छह किस्तों में दिया जाना है, जो एक बड़ी राहत है।

बैंकों के लिए वोडाफोन का लगभग 2.1 लाख करोड़ रुपये का कर्ज एक बड़ी चुनौती है। इसलिए, वे और फंड देने से पहले प्रवर्तकों की गारंटी पर जोर दे रहे हैं। कुछ साल पहले तक बाजार में अग्रणी मानी जाने वाली यह कंपनी ग्राहकों की संख्या और प्रति उपयोगकर्ता औसत मासिक राजस्व (एआरपीयू) में वृद्धि के मामले में रिलायंस जियो और भारती एयरटेल से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना कर रही है।

# सीबीआई की कार्रवाई: 27337 करोड़ के घोटाले में अनिल अंबानी की कंपनियों पर ताबड़तोड़ छापे




**नई दिल्ली।** देश के बैंकिंग सेक्टर और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) 27 हजार करोड़ रुपये से अधिक का चूना लगाने वाले कथित घोटाले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने एक बड़ी कार्रवाई की है। शनिवार को अनिल अंबानी के नेतृत्व वाले रिलायंस एडीए ग्रुप की कंपनियों और उनके निदेशकों के खिलाफ मुंबई में 17 ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की गई। यह कार्रवाई कॉर्पोरेट गवर्नेंस और बैंक फंड की हेराफेरी के बड़े मामलों पर जांच एजेंसियों के कड़े रुख को दशार्ती है।

**छापेमारी के मुख्य केंद्र और आरोपी कंपनियां :** सीबीआई के प्रवक्ता के अनुसार, यह सर्च ऑपरेशन रिलायंस टेलीकॉम लिमिटेड, रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड और रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड और उनके निदेशकों के खिलाफ दर्ज तीन अलग-अलग मामलों के तहत किया गया है। जांच एजेंसी ने इन कंपनियों के निदेशकों के आवासीय परिसरों पर छापे मारे। इसके साथ ही उन बिचौलिया कंपनियों के दफ्तरों को भी खंगाला गया, जिनके खातों का इस्तेमाल कथित तौर पर बैंक फंड को डायवर्ट (हेराफेरी) करने के लिए किया गया था। शुक्रवार को मुंबई की एक विशेष अदालत से सर्च वारंट हासिल करने के बाद यह कार्रवाई शुरू की गई, जिसमें कई आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए हैं।

इस पूरे कथित घोटाले का वित्तीय प्रभाव बेहद व्यापक है। अधिकारियों के मुताबिक, इन मामलों में सरकारी बैंकों और छक्ळ को कुल मिलाकर लगभग 27,337 करोड़ रुपये का भारी नुकसान उठाना पड़ा है। जांच में यह चौंकाने वाला तथ्य भी सामने आया है कि फंड डायवर्ट करने के लिए इस्तेमाल की गईं कई बिचौलिया कंपनियां एक ही पते से संचालित हो रही थीं। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और एलआईसी की शिकायतों के आधार पर संघीय एजेंसी ने अनिल अंबानी के रिलायंस समूह के खिलाफ हजारों करोड़ रुपये के कथित धोखाधड़ी के कुल सात मामले दर्ज किए हैं। इन मामलों के दर्ज होने के तुरंत बाद, बीते कुछ महीनों में सीबीआई 14 अन्य स्थानों पर भी तलाशी अभियान चला चुकी है।

24 अप्रैल को रिलायंस कम्युनिकेशंस के दो वरिष्ठ अधिकारियों- ज्वाइंट प्रेसिडेंट डी विश्वनाथ और वाइस-प्रेसिडेंट अनिल कालया (जिन्होंने बैंकिंग ऑपरेशंस और फंड के उपयोग में सक्रिय मदद की थी)- को गिरफ्तार किया गया था।

# कर्ज के बीच सरकार को खोलना होगा सातवें वेतन आयोग के लिए खजाना




**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में 15 साल बाद ऐतिहासिक सत्ता परिवर्तन तो हो गया है, लेकिन नई सरकार के लिए यह जीत किसी मखमली सेज नहीं बल्कि कांटों के ताज जैसा है। 20 लाख करोड़ रुपये से बड़ी अर्थव्यवस्था वाले इस राज्य का सरकारी खजाना फिलहाल गहरे दबाव में है। सातवें वेतन आयोग का भारी-भरकम वादा, खाली तिजोरी और 'अन्नपूर्णा भंडार' जैसी लोकलुभावन योजनाएं राज्य के वित्तीय स्वास्थ्य की अंतिम परीक्षा लेने वाली हैं।

बंगाल की आर्थिक स्थिति बेहद खराब दौर से गुजर रही है। 16वें वित्त आयोग के मूल्यांकन के अनुसार, राज्य का 'कर्ज-अनुपात' करीब 37% के खतरनाक स्तर पर बना हुआ है। राज्य सरकार की कुल कमाई का लगभग तीन गुना हिस्सा कर्ज के बोझ तले दबा है।

सबसे बड़ी चिंता यह है कि सरकार की कुल कमाई का एक बहुत बड़ा हिस्सा सिर्फ कर्मचारियों के वेतन, पेंशन और पुराने कर्जों का ब्याज चुकाने में ही खर्च हो जाता है।

# महारत्न कंपनी सेल को मिला नया सीएमडी



**नई दिल्ली:** केंद्रीय इस्पात मंत्रालय की महारात्न कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड को नया अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक मिल गया है। अशोक कुमार पंडा ने शनिवार, 9 मई, 2026 को कंपनी का कार्यभार संभाल लिया है। इससे पूर्व, वह कंपनी के निदेशक (वित्त) के रूप में कार्यरत थे। इसी दौरान लगभग नौ महीनों तक उनके पास निदेशक (वाणिज्यिक) का भी अतिरिक्त प्रभार रहा।

इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बी.ई. पूरा करने के बाद अशोक पंडा वर्ष 1992 में मैनेजमेंट ट्रेनी (तकनीकी) के रूप में सेल में अपने करियर की शुरूआत की थी। पिछले तीन दशकों से अधिक समय तक विभिन्न पदों पर काम करते हुए वह कंपनी के भीतर नेतृत्व के उच्चतम स्तर तक पहुंचे हैं।

उन्होंने विभिन्न संयंत्रों और इकाइयों में विविध दायित्वों का निर्वहन किया है, जिससे उन्हें प्रचालन, वित्तीय और वाणिज्यिक क्षेत्रों में व्यापक अनुभव प्राप्त हुआ है।

निदेशक (वित्त) के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, पंडा ने प्रचालन दक्षता और समग्र लाभप्रदता में सुधार लाने के उद्देश्य से कई रणनीतिक पहलों का नेतृत्व किया। उनके प्रयासों में तकनीकी पहलों को बढ़ावा देना, उत्पाद बास्केट के संवर्धन के माध्यम से उत्पादन स्तर को बढ़ाना और प्रचालन, विक्रय एवं विपणन, मानव संसाधन तथा वित्त से संबंधित प्रमुख नीतियों को बेहतर करना शामिल रहा। निदेशक (वाणिज्यिक) के रूप में अपनी भूमिका में, उन्होंने ऑपरेशन को बाजार और वित्तीय उद्देश्यों के साथ जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने विक्रय की मात्रा बढ़ाने, नेट सेल्स रियलाइजेशन में सुधार करने, इन्वेंट्री स्तर को कम करने और उत्पाद की ब्रांडिंग को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया।

एक जन-उन्मुख लीडर के रूप में, पंडा अपनी समावेशी नेतृत्व शैली और मजबूत निष्पादन क्षमताओं के लिए व्यापक रूप से जाने जाते हैं। टीमों का निर्माण करना और प्रदर्शन को गति देना उनके करियर की प्रमुख विशेषता रही है।

# एक लाख करोड़ स्वाहा, टॉप-10 कंपनियों में 4 के मार्केट कैप में गिरावट



**नई दिल्ली:** भारतीय शेयर बाजार में पिछले सप्ताह उतार-चढ़ाव रहा। इस कारण देश की टॉप-10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से चार कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में 1,09,717.54 करोड़ रुपये की गिरावट दर्ज की गई। सबसे बड़ा नुकसान स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को हुआ। हालांकि, इसी दौरान बाकी 6 कंपनियों ने मिलकर बाजार मूल्यांकन में 46,685.21 करोड़ रुपये जोड़े।

सप्ताह के दौरान बीएसई सेंसेक्स 414.69 अंक यानी 0.53 प्रतिशत बढ़ा, जबकि एनएसई निफ्टी में 178.6 अंक यानी 0.74 प्रतिशत की तेजी रही। मार्केट विशेषज्ञों के अनुसार, पश्चिम एशिया में तनाव और अमेरिका-ईरान संबंधों को लेकर अनिश्चितता के कारण निवेशकों का रुख सतर्क बना रहा।

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का मार्केट कैप 44,722.34 करोड़ रुपये घटकर 9.41 लाख करोड़ रुपये रह गया।

भारती एयरटेल के बाजार पूंजीकरण में 31,167.1 करोड़ रुपये की गिरावट आई और कंपनी की वैल्यूएशन 11.18 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई।

टीसीएस का मार्केट कैप 28,456.26 करोड़ रुपये घटकर 8.66 लाख करोड़ रुपये रह गया।

एलएंडटी के मूल्यांकन में 5,371.84 करोड़ रुपये की कमी आई और इसका मार्केट कैप 5.46 लाख करोड़ रुपये पर आ गया।

**इन कंपनियों को हुआ फायदा :** एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 15,425.09 करोड़ रुपये बढ़कर 12.02 लाख करोड़ रुपये हो गया।

बजाज फाइनेंस के मूल्यांकन में 11,486.89 करोड़ रुपये की तेजी आई और इसका मार्केट कैप 5.94 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर कंपनी का मार्केट 8,763.97 करोड़ रुपये बढ़कर 5,37,562.98 करोड़ रुपये हो गया।

रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 6,563.28 करोड़ रुपये बढ़कर 19.42 लाख करोड़ रुपये हो गया। एलआईसी के मार्केट कैप में 2,751.37 करोड़ रुपये की तेजी आई। इस तेजी के साथ यह बढ़कर 5,07,549.44 करोड़ रुपये हो गया।

# फेविकोल के जोड़ से लेकर चुटकी में चिपकाने तक... सब पड़ेगा महंगा

## कंपनी पर पड़ी पश्चिम एशिया संकट की मार




**नई दिल्ली:** पश्चिम एशिया संकट का असर अब भारत में घर-घर पहुंचने लगा है। फेविकोल बनाने वाली कंपनी पिडिलाइट इंडस्ट्रीज ने संकेत दिए हैं कि पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव के कारण कच्चे माल की कीमतों में भारी बढ़ोतरी हुई है। इस कारण कंपनी फिर से कीमतों में बढ़ोतरी कर सकती है। कंपनी फेविकोल के अलावा अपने दूसरे ब्रांड डॉ. फिक्सिट, फेवीक्विक और एम-सील की भी कीमत में इजाफा हो सकती है।

पिडिलाइट के मैनेजिंग डायरेक्टर सुधांशु वत्स ने बताया कि पश्चिम एशिया संकट का कंपनी के कच्चे माल पर गहरा असर पड़ा है। उन्होंने कहा कि कच्चे तेल से जुड़े रसायनों, विशेष रूप से विनाइल एसीटेट मोनोमर की कीमतों में 40 से 50 प्रतिशत तक की भारी वृद्धि हुई है।

पिडिलाइट पहले ही अप्रैल और मई 2026 में दो बार कीमतें बढ़ा चुकी है। कंपनी ने खास तौर पर अपने लोकप्रिय ब्रांड फेविकोल की कीमतों में 12 से 15 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की थी। कंपनी अब जून में एक और बढ़ोतरी की तैयारी कर रही है। कंपनी ने चौथी तिमाही में अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन आने वाले समय में लागत बढ़ने से ग्राहकों पर बोझ डालना मजबूरी हो गया है।

**डिमांड में आई तेजी :** महंगाई के बावजूद कंपनी को मांग को लेकर कुछ सकारात्मक संकेत मिले हैं। चौथी तिमाही में शहरी मांग में मजबूती देखी गई, जबकि ग्रामीण इलाकों में विकास दर शहरी क्षेत्रों से बेहतर बनी हुई है। अप्रैल 2026 में मांग उत्साहजनक रही है, जिससे संकेत मिलता है कि उपभोक्ता अभी भी खर्च कर रहे हैं। वत्स ने चेतावनी दी कि अगर युद्ध लंबा खिंचता है, तो अत्यधिक महंगाई के कारण ग्राहकों की मांग में गिरावट आ सकती है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- बिना खाने के हम 20 दिनों तक रह सकते हैं लेकिन पानी के बिना एक सप्ताह तक ही रह सकते हैं।
- भारत के द्वारा उड़ाए जाने वाला पहला Rocket cycle में लाया गया था।
- मानव शरीर की झांकी हड्डी किसी कंक्रीट से भी ज्यादा मजबूत होती है।
- एक मामूली चिड़िया प्रतिदिन अपने वजन के बराबर खाना खा जाती है, जबकि 50 किग्रा. का मनुष्य 50 किग्रा. भोजन नही खा सकता।
- अधिकतर पंछियों के लिए चॉकलेट जहर होता है . इसमें theobromine और Caffeine नामक दो रसायन होते हैं, जिनको इंसान तो पचा सकता है लेकिन पंछी और कुत्ते नहीं।
- इंसान के दिमाग में लगभग 78 प्रतिशत पानी होता है।
- बुद्धिमान लोग सामान्य लोगों की तुलना में जल्दी गुस्सा हो जाते हैं।
- हिप्पो जब घबराता है तो उसके पसीने का रंग लाल हो जाता है।
- दुनिया का पहला Hospital train भारत में ही स्तिथ हैं।
- आपको यह बात जानकर हैरानी होगी कि अगर आप को कॉकरोच का सर काट दे तो भी वह हफ्तों तक जिंदा रह सकता है।

## राशिफल

**मेष:** वाणी में मधुरता रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। कारोबारी कार्यों के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**वृष:** नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के साथ किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। आय में वृद्धि भी होगी।

**मिथुन:** मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। कारोबार विस्तार के लिए किसी दूसरे स्थान पर जाने के योग बन रहे हैं।

**कर्क:** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु कुछ मानसिक परेशानियां भी हो सकती है। धैर्यशीलता में कमी भी हो सकती है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**सिंह:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कुछ कमी भी आ सकती हैं। संयत रहें। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे।

**कन्या:** मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। आत्मसंयत रहें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु कुछ कठिनाइयां भी आ सकती हैं।

**तुला:** मन प्रसन्न रहेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खर्चों में वृद्धि होगी। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक:** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। वाहन सुख में कमी आ सकती है।

**धनु:** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। शासन-सत्ता का सहयोग भी मिलेगा।

**मकर:** मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा।

**कुंभ:** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। धार्मिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। कारोबारी कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**मीन:** मन प्रसन्न तो रहेगा। फिर भी व्यर्थ के मानसिक तनाव से बचें। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ेंगे।

## चुटकुले

बच्चा- पापा, हमारे पड़ोसी बहुत गरीब हैं.
पापा- तुम्हें कैसे पता ?
बच्चा- उनके बेटे ने एक रुपये का सिक्का निगल लिया और उसकी मां का रो-रो कर बुरा हाल है।

---

मच्छर का बच्चा पहली बार उड़ा, जब वापस आया तो
पापा ने पूछा : कैसा लगा उड़कर?
मच्छर ने कहा : बहुत अच्छा... जहां भी गया, लोग तालियां बजा रहे थे।

---

ट्रेन में दो यात्री बात कर रहे थे....
पहला - व्हाट्सएप इंसान को हमेशा आगे बढ़ाता है।
दूसरा - वो कैसे?
पहला - अब मुझे ही देखिए, दो स्टेशन पीछे उतरना था,
लेकिन मैं तो आगे आ गया




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

## सुनील छेत्री बने इंडियन सुपर लीग किंग 195वां मैच खेलकर तोड़ा सबसे बड़ा रिकॉर्ड



**नई दिल्ली।** जमशेदपुर एफसी के खिलाफ शनिवार को यहां बेंगलुरु एफसी की 1-0 की जीत के दौरान पूर्व भारतीय कप्तान और दिग्गज स्ट्राइकर सुनील छेत्री इंडियन सुपर लीग फुटबॉल के इतिहास में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी बन गए। जमशेदपुर एफसी ने मैच के बड़े हिस्से में दबदबा बनाए रखा, लेकिन पहले हाफ में बेंगलुरु एफसी के रयान विलियम्स द्वारा 38वें मिनट में किया गया गोल निर्णायक साबित हुआ।

बेंगलुरु एफसी ने 41 वर्षीय छेत्री को शुरूआती एकादश में शामिल नहीं किया था, लेकिन वह 85वें मिनट में नामग्याल भूटिया की जगह मैदान पर आए और 195 मैचों के साथ आईएसएल इतिहास में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी बन गए। दिग्गज स्ट्राइकर ने 2025 में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास ले लिया है। इस जीत के साथ बेंगलुरु एफसी 12 मैचों में 20 अंकों के साथ आईएसएल तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गई, जबकि जमशेदपुर एफसी 21 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर बनी हुई है। ईस्ट बंगाल एफसी और मोहन बागान सुपर जायंट शीर्ष दो टीमों के साथ बराबरी पर हैं।

# बांग्लादेश ने विश्व कप टीम का किया एलान

## तीसरी बार कमान संभालेंगी निगार सुल्ताना



**ढाका।** बांग्लादेश ने महिला टी20 विश्व कप के लिए अपनी टीम का एलान कर दिया है। इस टूनार्मेंट का आयोजन 12 जून से पांच जुलाई तक इंग्लैंड में होना है। निगार सुल्ताना की कप्तानी में 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की गई है। निगार सुल्ताना लगातार तीसरे टी20 विश्व कप में बांग्लादेश की कप्तानी करेंगी। बांग्लादेश की टीम में शीर्ष क्रम की बल्लेबाज ताज नेहर की वापसी हुई है, जबकि हाल ही में श्रीलंका के खिलाफ सीरीज में खेलने वाली सरमिन सुल्ताना को ड्रॉप कर दिया गया है।

### टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का मिश्रण

टीम के मुख्य चयनकर्ता सज्जाद अहमद ने कहा कि नेहर को उनकी विविधता की वजह से सरमिन पर प्राथमिकता दी गई है। नेहर बल्लेबाजी क्रम में नंबर 1 से नंबर 6 के बीच बल्लेबाजी कर सकती हैं। वह आखिरी ओवरों में तेजी से रन बनाने की क्षमता रखती हैं। 2023 और 2024 संस्करण में टीम की कप्तानी कर चुकीं निगार सुल्ताना की टीम में इस बार युवा खिलाड़ियों के साथ अनुभवी खिलाड़ियों का भी मिश्रण है। अनुभवी खिलाड़ी के रूप में फहीमा खातून शामिल हैं, जो अपना सातवां टी20 विश्व कप खेलने के लिए तैयार हैं। फहीमा के अलावा नाहिदा अख्तर, ऋतु मोनी और कप्तान निगार 2016 से टीम का हिस्सा हैं। मौजूदा टीम में 11 ऐसी खिलाड़ी हैं जिन्होंने यूएई में आयोजित 2024 का टी20 विश्व कप खेला था।

### ग्रुप 1 में शामिल है बांग्लादेश

बांग्लादेश की टीम 25 मई को एडिनबर्ग के लिए रवाना होगी। वहां टीम स्कॉटलैंड और नीदरलैंड्स के साथ त्रिकोणीय सीरीज खेलेगी। इसके बाद टी20 विश्व कप के अभ्यास मैच खेलेगी। टी20 विश्व कप में बांग्लादेश नीदरलैंड, ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान, भारत और दक्षिण अफ्रीका के साथ ग्रुप 1 में है। टीम 14 जून को एजबेस्टन में नीदरलैंड के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगी।

महिला टी20 विश्व कप 2026 के लिए बांग्लादेश की टीमः निगार सुल्ताना (कप्तान और विकेटकीपर), नाहिदा अख्तर (उपकप्तान), शर्मिन अख्तर, सोभना मोस्टरी, शोरना अख्तर, ऋतु मोनी, राबेया खान, फहीमा खातून, फरिहा इस्लाम, मारूफा अख्तर, शंजीदा अख्तर, सुल्ताना खातून, दिलारा अख्तर (विकेटकीपर), जुएरिया फिरदौस, ताज नेहर।

## दीपिका कुमारी का 'गोल्डन' कमबैक शूट-ऑफ में चीन को हराकर जीता स्वर्ण



**नई दिल्ली।** दीपिका कुमारी, अंकिता भकत और कुमकुम मोहोद की भारतीय महिला रिकर्व टीम ने रविवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में मेजबान और खिताब के प्रबल दावेदार चीन को शूट ऑफ में हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया। रोमांचक फाइनल में भारत ने पहला सेट जीता लेकिन चीन ने वापसी करते हुए मुकाबला बराबर कर दिया। निर्धारित चार सेट के बाद स्कोर बराबर रहने के कारण शूट ऑफ कराया गया। भारतीय तिकड़ी ने निर्णायक क्षणों में संयम बनाए रखते हुए 5-4 (28-26) से जीत दर्ज की। अनुभवी दीपिका ने दबाव के बीच अंतिम शूट ऑफ तीर पर अहम नौ अंक जुटाकर भारत को 2021 के बाद पहला विश्व कप स्वर्ण पदक दिलाया।

इससे पहले भारत ने सेमीफाइनल में रिकॉर्ड 10 बार के ओलंपिक चैंपियन दक्षिण कोरिया को हराकर बड़ा उलटफेर किया था। ग्वाटेमाला सिटी और पेरिस में 2021 में भारत की विश्व कप जीतने वाली टीम का भी हिस्सा रहीं दीपिका के नाम 2010 से अब तक सात विश्व कप टीम स्वर्ण पदक हो गए हैं। यह भारतीय महिला रिकर्व टीम का तीन साल में पहला विश्व कप पदक भी है। इससे पहले टीम 2023 में पेरिस में चरण चार में पोडियम पर पहुंची थी जिसमें अंकिता पदक जीतने वाली टीम की सदस्य थीं। शंघाई में भारत अब तक दो पदक जीत चुका है।

इससे पहले कंपाउंड तीरंदाज साहिल जाधव ने शनिवार को कांस्य पदक जीतकर देश के पदक का खाता खोला था। भारत एक और पदक की दौड़ में बना हुआ है। रिकर्व तीरंदाज सिमरनजीत कौर दिन में बाद में सेमीफाइनल में उतरेंगी और विश्व कप में अपना पहला पदक जीतने के लिए उन्हें एक जीत की जरूरत है। नियुक्तियों को लेकर चल रहे गतिरोध के बीच बिना किसी पूर्णकालिक राष्ट्रीय कोच के यात्रा करते हुए बेहद अनुभवी दीपिका ही थीं जिन्होंने आगे बढ़कर नेतृत्व किया और लगातार अपनी टीम की साथियों का हौसला बढ़ाया। प्रफुल्ल डांगे को उनकी शिष्या कुमकुम के राष्ट्रीय ट्रायल में शीर्ष पर रहने के बाद महिला रिकर्व कोच नियुक्त किया गया था लेकिन वह काफी हद तक पृष्ठभूमि में ही रहे जबकि दीपिका ने घरेलू दर्शकों और मुखर चीनी सहयोगी स्टाफ के दबाव भरे पलों में टीम का मार्गदर्शन किया।

पिछले साल विश्व कप में पदार्पण करने वाली खिलाड़ियों झू जिंगयी, हुआंग युवेई और यू क्यूई की चीन की टीम के खिलाफ भारत शुरूआत में तो नियंत्रण में दिखा लेकिन पहला सेट (54-53) जीतने के बाद विरोधी टीम को वापसी का मौका दे दिया। भारतीय तिकड़ी में सबसे अंत में निशाना साधते हुए दीपिका ने लगातार 10 अंक बनाए जिससे अंकिता (8-8) और 17 वर्षीय कुमकुम (10-8) के उतार-चढ़ाव वाले प्रदर्शन के बावजूद भारत पहला सेट जीतने में सफल रहा। दीपिका ने दूसरे सेट में भी अपनी बेहतरीन लय जारी रखी और एक और परफेक्ट 10 लगाया जिससे भारत तीन शॉट के बाद एक अंक की बढ़त (28-27) बनाने में सफल रहा। चीन ने दूसरे सेट के अपने आखिरी तीन तीर में दो बार नौ और एक बार 10 अंक जुटाकर जोरदार वापसी की और कुल 55 अंक बनाए। अंकिता ने 9 अंक बनाए लेकिन कुमकुम केवल आठ अंक ही जुटा सकीं जिससे सेट को बराबर करने के लिए दीपिका को 10 अंक की आवश्यकता थी लेकिन चार बार की यह ओलंपियन सात अंक ही जुटा सकी जिससे भारत यह सेट 52-55 से हार गया और चीन 2-2 से बराबरी पर आ गया। इसके बाद मेजबान टीम ने तीसरा सेट 57-56 से जीतकर 4-2 की बढ़त बना ली। चौथे सेट में दीपिका के दो बार 10 का स्कोर करने के बावजूद भारत हार की कगार पर खड़ा नजर आ रहा था। कुमकुम का आखिरी तीर सात अंक पर लगा जिससे भारत 54 अंक तक ही पहुंच पाया।

## डी गुकेश छठे स्थान पर रहे, हेन्स नीमैन बने विजेता



**नई दिल्ली।** विश्व चैंपियन डी गुकेश को छठे स्थान से संतोष करना पड़ा जबकि अमेरिका के हेन्स मोके नीमैन ने अंत तक धैर्य बरकरार रखते हुए सुपर रेपिड एवं ब्लिट्ज का खिताब जीत लिया। यह टूनार्मेंट ग्रैंड चेस टूर का हिस्सा है। गुकेश ने 36 संभावित अंक में से 17 अंक हासिल करके अपना अभियान समाप्त किया। खिलाड़ियों ने नौ रेपिड और 18 ब्लिट्ज बाजियां खेलीं। हर रेपिड बाजी जीतने पर दो अंक और ब्लिट्ज बाजी जीतने पर एक अंक निर्धारित था। गुकेश ने रेपिड में नौ और ब्लिट्ज में आठ अंक जुटाए। हालात और भी खराब हो सकते थे लेकिन गुकेश ने आखिरी दौर में पोलैंड के डूडा यान-क्रिस्टोफ को हराकर वापसी की।

गुकेश ने ग्रैंड चेस टूर के मुख्य टूनार्मेंट से नाम वापस ले लिया था और इस साल वे केवल रेपिड और ब्लिट्ज प्रारूपों में ही खेलेंगे। सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन गुकेश इस साल के अंत में नार्वे शतरंज टूनार्मेंट के अलावा अमेरिका के जावोखिर सिंदारोव के खिलाफ विश्व चैंपियनशिप मुकाबला भी खेलने वाले हैं। गुकेश को आखिरी दिन तीन जीत मिलीं। उन्होंने अमेरिका के वेस्ली सो, नीमैन और डूडा को हराया। उन्हें चार हार का सामना करना पड़ा जिसमें सिंदारोव के खिलाफ शिकस्त भी शामिल है। सिंदारोव ने गुकेश के साथ खेले गए तीन मैच की व्यक्तिगत भिड़ंत में 2-1 के अंतर से जीत हासिल की। नीमैन ने आखिरी दो दौर जीते और टूनार्मेंट का समापन कुल 22.5 अंक के साथ किया। उन्हें ट्रॉफी के अलावा 50 हजार डॉलर का पहला पुरस्कार भी मिला। अंतिम दौर में नीमैन ने पोलैंड के राडोस्लाव वोज्टाजेक को हराया। अमेरिका के फाबियानो करुआना 22 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे जो वेस्ली से एक अंक अधिक है। स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसेव 18 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहे जबकि फ्रांस के अलिरेजा फिरोजा ने पांचवां स्थान हासिल किया। ग्रैंड चेस टूर का कारवां अब सुपर क्लासिक टूनार्मेंट के लिए रोमानिया की राजधानी बुखारेस्ट की ओर बढ़ेगा और इस टूनार्मेंट में भारत की ओर से एकमात्र खिलाड़ी आर प्रज्ञानानंदा हिस्सा लेंगे।

## 'उसे भारत के लिए तीनों प्रारूप में खेलते देखना चाहूंगा', अश्विन ने किस खिलाड़ी के बारे में कहा ऐसा



**नई दिल्ली।** भारत के महान स्पिनर रविचंद्रन अश्विन चाहते हैं कि युवा तूफानी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी राष्ट्रीय टीम के लिए तीनों प्रारूप में खेलें। राजस्थान रॉयल्स के लिए पारी का आगाज करते हुए सूर्यवंशी ने एक निडर खिलाड़ी के तौर पर अपनी पहचान बनाई है। वह मौजूदा आईपीएल सत्र में बेहतरीन गेंदबाजों का भी बड़ी आसानी से सामना कर रहे हैं।

अश्विन ने कहा, 'वह हर गेंदबाज की धुनाई कर रहा है। मुझे उसे टेस्ट मैच में खेलते देखने में कोई दिक्कत नहीं होगी और मुझे उसे खेल के तीनों प्रारूप में खेलते हुए देखने में भी कोई समस्या नहीं होगी। उसे क्रिकेट के मैदान पर उतारो, लोगों को मैच देखने के लिए बुलाओ क्योंकि वह आपका भरपूर मनोरंजन करेगा।'

उन्होंने कहा, 'वह कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। वह क्रिकेट की गेंद पर अपनी पूरी ताकत लगा रहा है। जिस तरह से वह अंडर-19 विश्व कप के फाइनल में खेला था उसे देखकर लगता है कि वह एक बॉक्स-ऑफिस खिलाड़ी है। आपके क्रिकेट करियर में ऐसे बहुत कम मौके आते हैं जब आप अपने क्रिकेट का पूरी तरह से आनंद ले पाते हैं और वह अभी सिर्फ 15 साल का है। मुझे लगता है कि हमें उसे बस अपने मन की करने देना चाहिए।'

अश्विन ने 15 साल के इस खिलाड़ी का जिक्र करते हुए कहा कि राजस्थान रॉयल्स को उसे अपनी मर्जी से उसी तरह खेलने देना चाहिए जैसा वह अब तक खेलता आया है। इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने पूरे टूनार्मेंट में शानदार बल्लेबाजी की है और जसप्रीत बुमराह, जोश हेजलवुड और में मोहम्मद सिराज जैसे गेंदबाजों के सामने पूरी तरह से सहज होकर खेला। वैभव इस सीजन राजस्थान रॉयल्स के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने 11 पारियों में 440 रन बनाए हैं। उनका औसत 40.00 और स्ट्राइक रेट 236.55 रहा है। उनके नाम एक शतक और दो अर्धशतक भी हैं।

## 7 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने किया शुभारंभ



**लोनी करंट क्राइम।** रविवार को लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने वार्ड नम्बर 32 के रामविहारए वार्ड 46 के पावी सादक पुर और नाईपुरा के वार्ड 27 में होने वाले दर्जनों विकास कार्य का शुभारंभ किया। इन विकास कार्यों में सड़क निर्माणए प्रकाशए जलनिकासीए पेयजल आपूर्तिए आदि के कार्य किए जाएंगे। इस दौरान स्थानीय सभासद अनिल चौधरीए सभासद सुमेघा कृष्ण बंसल और विजयपाल बैंसला ने भाजपा सभासद दल अध्यक्ष रोहित भारद्वाज भाजपा पदाधिकारीगण और कार्यकर्ता समेत सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग उ पस्थित रहें। इस दौरान स्थानीय नागरिकों ने विकास कार्यों के लिए लोनी विधायक विधायक नंदकिशोर गुर्जर का फूल बरसाकरए आतिशबाजीए ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया।

इस दौरान सभासद अनिल चौधरीए सभासद सुमेघा कृष्ण बंसल और विजयपाल बैंसला ने कहा लगातार विकास कार्यों को लेकर माननीय विधायक जी का आशीर्वाद प्राप्त हुआ है और वार्ड हमारा प्रयास के सभी वार्ड एक आदर्श वार्ड के रूप में विकसित हो जिससे लोनी विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़े।

लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लोनी के सर्वांगीण विकास के लिए पूर्णतः समर्पित है और आने वाले समय में लोनी को एक आदर्श विधानसभा बनाया जाएगा। विधायक ने कहा कि दिल्ली.सहारनपुर मार्गए बेहटा मार्ग और दिल्ली.देहरादून एक्सप्रेस.वे जैसे बड़े प्रोजेक्ट लोनी की तस्वीर बदल रहे हैं। अगले 6 महीनों में जलनिकासीए सीवर और सड़कों पर बड़े स्तर पर कार्य होने से क्षेत्र में बड़ा बदलाव दिखाई देगा। शिक्षा के क्षेत्र में कन्या डिग्री कॉलेजए मॉडल इंटर कॉलेजए आईटीआई और आधुनिक आंगनबाड़ियों का विस्तार किया गया है। स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए वेलनेस सेंटरए अस्पताल और सीएचसी का विस्तार किया जा रहा है।

बिजली व्यवस्था में रिवैंप योजना के तहत कॉलोनियों को बांस.बल्लियों से मुक्त किया जा रहा है तथा ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाई जा रही है। साथ ही आधुनिक तहसीलए अत्याधुनिक थाने और मेट्रो विस्तार की दिशा में हो रहे कार्य लोनी के विकास को नई दिशा दे रहे हैं।

## महिला को मुनाफे का झांसा देकर जाल में फंसाया, जमीन हड़पी



**मोदीनगर करंट क्राइम।** एक महिला की कृषि भूमि को छह माह में रुपये दोगुने करने का झांसा देकर हड़पने का मामला सामने आया है। आरोप है कि आरोपियों ने फर्जी तरीके से जमीन का बैनामा भी कर दिया। पीड़िता ने मुख्यमंत्री को संबोधित शिकायती पत्र एसडीएम को सौंपा है और कार्रवाई की मांग की है।

कस्बा फरीदनगर निवासी सुमन देवी के अनुसार, वह अनपढ़ हैं। उन्होंने बताया कि कुछ समय पहले गांव के कुछ आरोपियों ने उन्हें झांसा दिया कि वे उनके पैसे छह माह में दोगुने कर देंगे। जब सुमन देवी ने पैसे न होने की बात कही, तो आरोपी उन्हें तहसील ले गए। तहसील में आरोपियों ने सुमन देवी से कुछ कागजातों पर हस्ताक्षर करवाए और उन्हें छह लाख रुपये बतौर उधार देने की बात कही। हालांकि, सुमन देवी का आरोप है कि उन्हें कोई पैसा नहीं दिया गया, बल्कि छह माह बाद दोगुने पैसे देने का वादा किया गया था। निर्धारित समय अवधि पूरी होने पर जब सुमन देवी ने अपने पैसे मांगे, तो आरोपियों ने समय बढ़ा दिया। हाल ही में, आरोपियों ने महिला के खेत में खड़ी गेहूं की फसल को नष्ट कर दिया और जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया।

पीड़िता का आरोप है कि आरोपियों ने उनकी जमीन का फर्जी तरीके से बैनामा भी करवा लिया है। सुमन देवी ने यह भी बताया कि शिकायत करने पर आरोपियों ने उनके पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी है। इस संबंध में एसडीएम अजीत कुमार सिंह का कहना है कि प्रकरण की जांच कराई जाएगी और आवश्यक कार्रवाई की जायेंगी।

## स्कूल संचालकों को शिक्षा विभाग की और से नोटिस जारी, नियमों का नहीं किया पालन तो होगी कार्रवाही



**मोदीनगर करंट क्राइम।** नियमों का पालन न करने वाले शहर के निजी स्कूल संचालकों को शिक्षा विभाग की और से नोटिस जारी किये गये है। नोटिस उपरान्त नियमों का पालन न करने वाले स्कूल संचालको के विरूद्व जुमार्ने की कार्रवाही अमल में लाई जायेंगी।

बताते चले कि गतदिनों पूर्व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारणी सदस्य पं0 सुनील शर्मा व शहर के अनेक अभिभावकों ने निजी स्कूलों में फीस वृद्वि, स्कूल यूलिफॉर्म व एनसीईआरटी के किताबों के मुद्दें को प्रमुखता से उठाया था। जिस का संज्ञान लेते हुये उपजिलाधिकारी अजीत सिंह व शिक्षा विभाग के अधिकारियों की कांग्रेस पदाधिकारियों व अभिभावकों के साथ वार्ता करते हुये कठोर संज्ञान लेने की बात कही थी। इसी क्रम में शनिवार को सभी निजी स्कूलों को नोटिस जारी कर दिये गये है।

बताते चले कि प0 सुनील शर्मा के नेतृत्व में अभिभावकों ने तहसील पर प्रदर्शन के दौरान आरोप लगायें थे कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के अधिकांश निजी स्कूलों में अपनी मनमर्जी व अधिक मुनाफा खोरी के चलते से निजी प्रकाशन की किताबों को पाठ्यक्रम में शामिल किया जा रहा है। इन किताबों की बिक्री स्कूल परिसर व स्कूल द्वारा अधिकृत दुकानों पर ही हो रही है जबकि ये किताबें एनसीईआरटी की किताबों से अधिक किताबें महंगी है।

### निजी प्रकाशक स्कूल प्रबधकों को मोटा कमिशन देकर मनमानी किताबो लगवाते है

आरोप है कि निजी प्रकाशक स्कूल प्रबधकों से मीलीभगत व मोटे कमिशन का लालच देकर अपनी मन मर्जी के हिसाब से किताबे लगवाते है और स्कूल प्रबंधक अधिक मुनाफे के चक्कर में आकर इस तरह के कृत्य को अंजाम दे रहे है। जिससे अभिभावकों की जेब में खुलआम डाका डाला जा रहा है। जबकि प्रदेश सरकार से लेकर शिक्षा विभाग भी एनसीईआरटी की कि ताबों के संचालक की बात कह चुका है, उधर इस सारे मामले पर अगर गौर किया जाये तो करीब एक माह पूर्व शिकायत मिलने पर एसडीएम अजित कुमार सिंह के स्तर से संतपुरा स्थित टीटी पब्लिकेशन नामक निजी प्रकाशक के गोदाम पर छापामार कार्रवाही की गई थी। इस दौरान गोदाम से हजारों की संख्या में गलत तरीके से प्रकाशित किताबें गोदाम पर पाई गई थी। गोदाम को पर एक दिन के लिये सिलिंग की कार्रवाही की गई और अगले दिन खोल दिया गया था। इस संबन्ध में अधिकारियो का कहना था, कि मामला शिक्षा विभाग से संबन्धित है और जांच जिला विधालय निरीक्षक को सौपा दी गई है। जबकि बर्तमान में उपरोक्त पब्लिकेशन गोदाम में पाई गई किताबों को बेच चुका है, और जांच जारी है।

## उत्तर प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव में और अधिक बहुमत से बनेगी एनडीए सरकार : केसी त्यागी



**मोदीनगर करंट क्राइम।** रालोद में शामिल होने के बाद मोदीनगर में प्रथम बार आगमन पर पूर्व सांसद केसी त्यागी का यंहा कई स्थानों पर रालोद कार्यकताओं ने उनका भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में रालोद मजबूत होगा तो एनडीए मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि 2027 के उत्तर प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव में एनडीए प्रचंड बहुमत से सरकार बनाएगा।

केसी त्यागी ने रालोद कार्यकताओं से कहा कि वो जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं का समाधान कराए। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व0 चैधरी चरण सिंह ने लोकदल का निर्माण ही किसानों, मजदूरों व नौजवानों, दलितो की आवाज उठाने के लिए किया था। इस दौरान उन्होंने रास्ते में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व0 चैधरी चरण सिंह, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर व शहीद आशा राम त्यागी कीं प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर रालोद के जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह, सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चेयरमैन अमर जीत सिंह बिडडी, राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय वीर सिंह एडवोकेट, सुरेन्द्र त्यागी, प्रदेश सचिव रणबीर दहिया, महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ0 पूनम गर्ग क्षेत्रीय महामंत्री बिटटू खजरपुर, विनोद गौतम, अरुण दहिया एडवोकेट, अरुण कुमार भुललन, हिमांशु नागर, मनोज कुमार राठी, प्रदीप मुखिया, पपन मास्टर, देवेंद्र चेयरमैन पतला, अनिल त्यागी चेयरमैन निवाडी ,योगेश फफराना, नरेन्द्र जाटव, मनोज त्यागी, आलोक चैधरी, जयवीर नेहरा, अरुण कुमार शर्मा, अकरम खान, हाजी तौहिर, अनुज त्यागी, देवेंद्र प्रधान, जुनैद, बीर सिंह सलेमाबाद, सुमन चैधरी, राखी सिंधु, निहाल चंद जाटव, आकाश गौतम एडवोकेट, हरपाल सिंह एडवोकेट, जोनी जाटव, अमित जाटव, आदित्य गौतम एडवोकेट आदि शामिल रहे।

## डॉ0 केएन मोदी ग्लोबल स्कूल की शाखा में मदर्स-डे पर फ्लैश ऑफ लव एंड केयर का आयोजन



**मोदीनगर करंट क्राइम।** डॉ0 केएन मोदी ग्लोबल स्कूल की शाखा प्रिटी पेंगुइन्स स्कूल में मदर्स-डे के उपलक्ष्य में फ्लैश ऑफ लव एंड केयर नामक भव्य पूल पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 300 से अधिक माताओं ने भाग लेकर आयोजन को यादगार बनाया।

कार्यक्रम का उद्देश्य माताओं के प्रेम, समर्पण और देखभाल को सम्मान देना था। पूरे कार्यक्रम के दौरान माताओं और बच्चों ने पूल पार्टी, म्यूजिक, डांस, मजेदार गेम्स और कई मनोरंजक गतिविधियों का भरपूर आनंद लिया। इस विशेष अवसर पर माताओ के लिए केक कटिंग का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर एक विशेष सौंदर्य प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किया गया, जिसे द प्रिंसेस सैलून वीएलसीसी आर्टिस्ट मिस एकता और उनकी टीम द्वारा गठित किया गया, जिसमें माताओं को रिलैक्स और स्पेशल महसूस कराने के लिए कई आकर्षक सौंदर्य प्रशिक्षण जिसमें हेयरकट, हेयर स्टाइल, मसाज, डेली मेकअप के बारे में बताया और सिखाया गया। कार्यक्रम का माहौल प्यार, हंसी, खुशी और खूबसूरत यादों से भर गया। स्कूल हेडमिस्ट्रेस श्रीमती प्रेरणा वर्मा ने सभी माताओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी के लिए धन्यवाद व्यक्त किया और कहा कि यह आयोजन परिवार के प्यार, अपनापन और मजबूत रिश्तों का सुंदर प्रतीक बना। माँ का प्यार जीवन की सबसे खूबसूरत शक्ति है, और यह आयोजन उसी प्रेम को समर्पित एक छोटा सा प्रयास था।

## उत्थान फाउंडेशन द्वारा अंतराष्ट्रीय मातृ दिवस पर ग्रीटिंग कार्ड निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन



**मोदीनगर करंट क्राइम।** उत्थान फाउंडेशन द्वारा अंतराष्ट्रीय मातृ दिवस के अवसर पर अंबेडकर लाइब्रेरी पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मातृत्व की महत्ता को सम्मान देना तथा समाज में महिलाओं एवं माताओं की भूमिका के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। कार्यक्रम में बढ़ते कदम योजना के अंतर्गत अंग्रेजी बोलना सीख रहे विद्यार्थियों की माताओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने मंच पर अंग्रेजी भाषा में आत्मविश्वास के साथ अपनी प्रस्तुतियाँ दीं। विद्यार्थियों ने अभिवादन, परिचय, संवाद एवं लघु भाषण प्रस्तुत कर यह दशार्या कि वे निरंतर प्रशिक्षण के माध्यम से अंग्रेजी बोलने में दक्ष हो रहे हैं। बच्चों की प्रतिभा एवं आत्मविश्वास को देखकर उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों ने उनकी सराहना की। इस अवसर पर ग्रीटिंग कार्ड निर्माण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी माताओं के प्रति प्रेम, सम्मान एवं भावनाओं को आकर्षक कार्डों के माध्यम से व्यक्त किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली एवं विशिष्ट अतिथि भीम युवा संघर्ष समिति से विनोद कर्दम रहे। दोनों अतिथियों का स्वागत अध्यक्ष सीए राहुल जैन तथा संस्था के वरिष्ठ सदस्य अनिल भार्गव द्वारा पटका एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि माताएं समाज की आधारशिला होती हैं और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में उनकी भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है।

संस्था कि संस्थापक सचिव डॉ0 सोनिका जैन ने कहा कि माताएं बच्चों के जीवन की प्रथम गुरु होती हैं तथा उनके संस्कार, त्याग और मार्गदर्शन से ही एक सशक्त समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने कहा कि उत्थान फाउंडेशन भविष्य में भी शिक्षा एवं महिला सशक्तिकरण से जुड़े ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित करता रहेगा। इस अवसर पर संस्था की सक्रिय महिला सदस्यों कु0 अनु महेश्वरी, माला भार्गव, कविता गुप्ता, सोनिया गर्ग, डॉ0 रश्मि मालिक और ज्योति रानी को समाज सेवा एवं संस्था के कार्यों में योगदान हेतु सम्मानित किया गया।

11 May -26 page 6 5/10/2026 11:08 PM Page 1








# महामहिम जनरल वीके सिंह का जन्मदिन मनाया गया धूमधाम से





गाजियाबाद करंट क्राइम। मिजोरम के राज्यपाल, गाजियाबाद के पूर्व लोकसभा सांसद, पूर्व केन्द्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह का जन्मदिन रविवार को उनके राजनगर स्थित आवास पर मनाया गया। समर्थकों और शुभचिंतकों ने उनके जन्मदिन पर उनकी लंबी आयु, यशस्वी जीवन और उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जनरल वीके सिंह ने शुभकामनाएं देने पहुंचे सभी समर्थकों और शुभचिंतकों का आभार व्यक्त किया।





# भारत-त्रिनिदाद एवं टोबैगो के बीच समझौता

## जयशंकर बोले- अपने पूर्वजों की जड़ें ढूंढ सकेंगे प्रवासी

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को कहा कि भारत और त्रिनिदाद एवं टोबैगो के बीच एक अभिलेखीय सहयोग समझौता हुआ है। उन्होंने बताया कि यह समझौता प्रवासी भारतीयों को अपने पूर्वजों की जड़ों को खोजने और अपने परिवारों से दोबार जुड़ने में मदद करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि भारत सरकार गिरमिटिया समुदाय की विरासत को संरक्षित करने के प्रयास कर रही है।



गिरमिटिया उन भारतीय श्रमिकों को कहा जाता है, जिन्हें 19वीं और 20वीं सदी की शुरूआत में ब्रिटिश शासन फिजी, दक्षिण अफ्रीका, मॉरीशस और कैरिबियाई देशों में ले गया था। जयशंकर ने सोमवार को ऐतिहासिक नेल्शन द्वीप पर एक कार्यक्रम को संबोधित किया।

गिरमिटिया उन भारतीय श्रमिकों को कहा जाता है, जिन्हें 19वीं और 20वीं सदी की शुरूआत में ब्रिटिश शासन फिजी, दक्षिण अफ्रीका, मॉरीशस और कैरिबियाई देशों में ले गया था। जयशंकर ने सोमवार को ऐतिहासिक नेल्शन द्वीप पर एक कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि त्रिनिदाद और टोबैगो में पहले भारतीय गिरमिटिया मजदूरों को आए हुए 180 साल पूरे हो गए हैं। उन्होंने गिरमिटिया श्रमिकों के साहस और संघर्ष की सराहना करते हुए कहा कि कि उनकी मेहनत को हमेशा याद रखना चाहिए।

उन्होंने कहा कि ये प्रवासी अपने साथ अपनी परंपराएं, आस्था और जीवन शैली लेकर आए थे और यह जरूरी है कि इस इतिहास को एक धरोहर के रूप में संरक्षित किया जाए। जयशंकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गिरमिटिया समुदाय का एक विस्तृत डाटाबेस बनाने और उसकी विरासत पर शोध को बहुत अहमियत देते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि भारत सरकार पीएम मोदी के निर्देश पर एक विशेष गिरमिटिया अध्ययन केंद्र स्थापित करने की दिशा में काम कर रही है।

### 'अपने पूर्वजों की जड़ें खोजने में मिलेगी मदद'

भारत के राष्ट्रीय अभिलेखागार और त्रिनिदाद एवं टोबैगो के बीच हुए समझौते का जिक्र करते हुए उन्होंने उम्मीद जताई कि यह समझौता कैरिबियाई देश के कई लोगों को अपने पूर्वजों की जड़ों को खोजने और भारत में अपने परिवारों से जुड़ने में मदद करेगा। उन्होंने यह भी बताया कि त्रिनिदाद एवं टोबैगो में भारतीय उच्चायोग को ओसीआई के लिए बड़ी संख्या में आवेदन मिल रहे हैं, क्योंकि पीएम मोदी की यात्रा के दौरान ओसीआई पात्रता को छठी पीढ़ी तक बढ़ाया गया था। उन्होंने कहा, उच्चायोग को मिलने वाले ओसीआई आवेदनों की संख्या बढ़ रही है और हमारा प्रयास रहेगा कि उन लोगों की भी मदद की जाए जिनके पास जरूरी दस्तावेज नहीं हैं।

# आत्मघाती हमले से दहला पाकिस्तान : विस्फोटक से भरी गाड़ी चेकपोस्ट से टकराई, 15 पुलिसकर्मियों की मौत ; कई घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बन्नू जिले में शनिवार देर रात एक भीषण आत्मघाती हमला हुआ। मामले में एक आत्मघाती हमलावर ने बारूद से भरी अपनी गाड़ी को फतेह खेल पुलिस चेकपोस्ट में दे मारी। इस जोरदार धमाके में 15 पुलिसकर्मियों की जान चली गई और तीन अन्य जवान घायल हो गए। अधिकारियों ने इस घटना की पुष्टि की है।

धमाका इतना जोरदार था कि पुलिस चेकपोस्ट पूरी तरह मलबे में तब्दील हो गया। बन्नू के डीआईजी सज्जाद खान ने बताया कि विस्फोट से भारी तबाही हुई और कई जवान मलबे के नीचे दब गए। बचाव दल ने रात भर चले अभियान के बाद मलबे से तीन पुलिस अधिकारियों को सुरक्षित बाहर निकाला। घायलों को तुरंत जिला मुख्यालय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डीआईजी ने जाकर उनके इलाज का जायजा लिया।



अधिकारियों ने मृतक जवानों की पहचान कर ली है। इनके नाम रहमत अयाज, सनाउल्लाह, नियाज अली, हबीब, सादुल्लाह जान, कामरान (पुत्र खान सिकंदर), एक अन्य कामरान, नूरुल्लाह, आबिद जानी, इमरान, कलीमुल्लाह, सादिकुल्लाह, मुनीर आलम खान, राहतुल्लाह खान और फारूक हैं। घायल जवानों के नाम मुजरिम फिरोज, हयातुल्लाह और कदरुल्लाह बताए गए हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, धमाका इतना जोरदार था कि इसकी आवाज जिले के दूर-दराज के इलाकों तक सुनी गई। धमाके से आसपास के घरों और नागरिक इमारतों को भी काफी नुकसान पहुंचा है। चश्मदीदों का कहना है कि धमाके की वजह से कई घरों की छतें गिर गईं। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी ने इस हमले की कड़ी निंदा की है।

इससे पहले रविवार को, बलूचिस्तान लिबरेशन फ्रंट (बीएलएफ) ने बलूचिस्तान के अलग-अलग इलाकों में 10 ऑपरेशनों की जिम्मेदारी ली है। संगठन का दावा है कि उन्होंने खारन, वाशुक, आवारान, केच और मस्तुंग में हमले किए। इन हमलों में 10 सुरक्षाकर्मी और 4 अन्य लोग मारे गए। बीएलएफ प्रवक्ता मेजर ग्वहराम बलूच ने कहा कि उनके लड़ाकों ने सैन्य शिविरों, काफिलों और सड़क निर्माण कंपनी की सुरक्षा में लगे जवानों को निशाना बनाया। उन्होंने यह भी दावा किया कि 3 मई को खारन शहर में एक चेकपोस्ट पर रॉकेट और ग्रेनेड लॉन्चर से हमला किया गया था, जिसमें काफी नुकसान हुआ था। संगठन ने हथियार जब्त करने और निगरानी कैमरों को नष्ट करने की बात भी कही है।

# होर्मुज में तनाव चरम पर, ईरान ने दी चेतावनी - हमारे जहाजों को छुआ तो होगा बड़ा हमला

**ईरान।** ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने शनिवार को फारस की खाड़ी में अमेरिकी ठिकानों को कड़ी चेतावनी जारी करते हुए कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य में ईरानी तेल टैंकरों या वाणिज्यिक जहाजों के खिलाफ किसी भी प्रकार की आक्रामकता क्षेत्र में अमेरिकी केंद्रों और सैन्य जहाजों पर भारी हमला को जन्म देगी। आईआरजीसी नौसेना कमान ने पर एक पोस्ट में यह चेतावनी जारी की, जिसमें कहा गया है कि चेतावनी! ईरान के तेल टैंकरों और वाणिज्यिक जहाजों के खिलाफ किसी भी प्रकार की आक्रामकता के परिणामस्वरूप क्षेत्र में स्थित अमेरिकी केंद्रों में से एक और दुश्मन के जहाजों पर भारी हमला होगा। इसके बाद, आईआरजीसी एयरोस्पेस फोर्स ने एक अलग पोस्ट में कहा कि उसकी मिसाइलें और ड्रोन पहले ही क्षेत्र में अमेरिकी ठिकानों और शत्रु हमलावर जहाजों पर निशाना साध चुके हैं, और वे फायरिंग के आदेश की प्रतीक्षा कर रहे हैं। पोस्ट में लिखा था कि आईआरजीसी एयरोस्पेस फोर्स की मिसाइलों और ड्रोनों ने क्षेत्र में अमेरिकी ठिकानों और शत्रु हमलावर जहाजों पर निशाना साध लिया है। हम फायरिंग के आदेश की प्रतीक्षा कर रहे हैं। ये टिप्पणियां होर्मुज जलडमरूमध्य के पास अमेरिकी नौसेना और ईरानी सेना के बीच हुई गोलीबारी के बाद क्षेत्रीय तनाव बढ़ने के बीच आई हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य एक महत्वपूर्ण वैश्विक ऊर्जा पारगमन मार्ग है।



गुरुवार को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दोनों पक्षों के बीच हुए युद्धविराम समझौते के बावजूद होर्मुज जलडमरूमध्य में अमेरिकी और ईरानी नौसेना बलों के बीच हुई गोलीबारी की पुष्टि की। उन्होंने दावा किया कि हमले के बावजूद तीन अमेरिकी विध्वंसक पोत रणनीतिक जलमार्ग से सफलतापूर्वक गुजर गए। ट्रूथ सोशल पर एक पोस्ट में ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी नौसेना के तीन विध्वंसक पोत होर्मुज जलडमरूमध्य से बहुत सफलतापूर्वक निकल गए, हालांकि इस दौरान ईरानी बलों ने उन पर गोलीबारी की।

# अमेरिका के मियामी में टूरिस्ट बोट में धमाका

## 11 यात्री घायल, गैस लीक की आशंका

**फ्लोरिडा।** शनिवार को फ्लोरिडा के मियामी स्थित प्रसिद्ध हाउलोवर सैंडबार के पास एक नाव में संदिग्ध विस्फोट के बाद कम से कम 11 लोग घायल हो गए, जिससे शहर के सबसे व्यस्त पर्यटन स्थलों में से एक में दहशत फैल गई। यह घटना लोकप्रिय हाउलोवर सैंडबार के पास बिस्केन खाड़ी में हुई, जो पर्यटकों, नाव चालकों और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ को आकर्षित करने के लिए जाना जाता है, खासकर सप्ताहांत में। अधिकारियों के अनुसार, विस्फोट कई यात्रियों को ले जा रही एक चार्टर नाव में हुआ। दोपहर के आसपास संभावित विस्फोट की सूचना मिलने के बाद मियामी-डेड फायर रेस्क्यू की आपातकालीन टीमें घटनास्थल पर पहुंचीं। बचाव अधिकारियों ने बताया कि स्थिति से निपटने के लिए दो दर्जन से अधिक आपातकालीन इकाइयों को तैनात किया गया था। बचाव दल को कई घायल यात्री मिले जिन्हें तत्काल चिकित्सा सहायता की आवश्यकता थी। अधिकारियों ने पुष्टि की कि 11 लोगों को पास के अस्पतालों में ले जाया गया। हालांकि अधिकारियों ने चोटों की गंभीरता के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी है, लेकिन बचाव कर्मियों ने बताया कि विस्फोट के दौरान कुछ पीड़ितों को जलने और गंभीर चोटें आईं। स्थानीय रिपोर्टों के अनुसार, विस्फोट के समय जहाज पर लगभग 14 लोग सवार थे।



घटना के सटीक कारण की अभी भी जांच चल रही है। हालांकि, एक यात्री ने स्थानीय मीडिया को बताया कि विस्फोट नाव में गैस रिसाव के कारण हुआ होगा। फ्लोरिडा मत्स्य एवं वन्यजीव संरक्षण आयोग ने कहा कि जांचकर्ता नाव की जांच कर रहे हैं और विस्फोट के कारणों का पता लगाने के लिए सबूत जुटा रहे हैं। अमेरिकी तटरक्षक बल भी जांच और बचाव अभियान में शामिल हो गया है। आस-पास के लोगों ने विस्फोट के तुरंत बाद अफरा-तफरी का माहौल देखा। इलाके में एक अन्य नाव चला रहे एक स्थानीय व्यवसायी ने बताया कि उन्होंने विस्फोट के बाद यात्रियों को पानी में गिरते देखा। उन्होंने उस भयावह क्षण को याद करते हुए स्थानीय मीडिया को बताया, जब हमने पीछे मुड़कर देखा, तो हमने लोगों को धुएं में नाव से उड़ते हुए देखा।

# 'हमने अभी-अभी किसी को टक्कर मारी है', अमेरिका के डेनवर एयरपोर्ट पर हुए हादसे का ऑडियो आया सामने

**नई दिल्ली।** अमेरिका के डेनवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना सामने आई है, जहां सुरक्षा बाड़ फांदकर रनवे पर पहुंचे एक अज्ञात व्यक्ति की विमान से टकराकर मौत हो गई। फ्रंटियर एयरलाइंस की फ्लाइट 4345 से हुई यह टक्कर के बाद विमान के इंजन में आग लग गई। इस घटना के बाद एयर ट्रैफिक कंट्रोल का ऑडियो सामने आया है, जिसमें पायलट की घबराहट और यात्रियों द्वारा बयां किएक गए मंजर दिखाई दे रहे हैं। एयरपोर्ट के अधिकारियों के अनुसार, अज्ञात व्यक्ति ने स्थानीय समयानुसार शुक्रवार रात लगभग 11:19 बजे हुई घटना से ठीक पहले एक बाड़ फांदकर सक्रिय रनवे क्षेत्र में प्रवेश करके हवाई अड्डे की सुरक्षा का उल्लंघन किया था। फ्रंटियर एयरलाइंस का विमान उस व्यक्ति से टकराने के समय चल रहा था।



एटीसी ऑडियो में, फ्रंटियर फ्लाइट 4345 के पायलट को कंट्रोल टावर को यह सूचित करते हुए सुना जा सकता है कि विमान एक व्यक्ति से टकराने के बाद रनवे पर रुक गया था और उसके एक इंजन में आग लग गई थी। फ्रंटियर विमान 4345 के पायलट ने कहा, हमने अभी-अभी किसी को टक्कर मारी दी है हमारे इंजन में आग लग गई है। हम रनवे पर रुक रहे हैं। डेनवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर फ्रंटियर फ्लाइट 4345 द्वारा रनवे पर दौड़ रहे एक व्यक्ति को टक्कर मारने के बाद के भयावह क्षणों को एयर ट्रैफिक कंट्रोल के चौंकाने वाले ऑडियो में कैद किया गया है।

# फारस की खाड़ी: कतर के पास समुद्र में जहाज पर हमला, आग लगी; ब्रिटिश सेना का दावा

**कतर।** ब्रिटिश सेना ने कहा है कि कतर के पास समुद्र में एक जहाज में आग लग गई। यह आग तब लगी, जब जहाज पर किसी प्रक्षेप्य (प्रोजेक्टाइल) से हमला हुआ। यूके मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस सेंटर ने बताया कि यह जहाज एक बड़ा मालवाहक जहाज था। हमले के बाद जहाज में आग लग गई थी, लेकिन उसे काबू कर दिया गया। यह घटना कतर की राजधानी दोहा से करीब 43 किलोमीटर दूर समुद्र में हुई। अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। हाल के समय में फारस की खाड़ी में जहाजों पर ऐसे कई हमले हो चुके हैं। कुछ दिन पहले अमेरिका ने दो ईरानी तेल टैंकरों पर हमला किया था। अमेरिका ने कहा था कि ये जहाज उसके नियम तोड़ रहे थे। ईरान की सेना ने चेतावनी दी थी कि अगर उसके जहाजों पर हमला हुआ तो वह जवाब में हमला करेगी।



### अमेरिकी राष्ट्रपति की चेतावनी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी कहा है कि अगर ईरान समझौता नहीं करता तो वह फिर से बड़े हमले कर सकते हैं।

इसके बाद ईरान ने होर्मुजल जलडमरूमध्य को बंद कर दिया, जो अहम समुद्री जलमार्ग माना जाता है। युद्ध शुरू होने से पहले इस मार्ग से दुनिया के तेल का एक पांचवां हिस्सा गुजरता था। इससे दुनिया में तेल की आपूर्ति पर असर पड़ा है और पेट्रोल-डीजल महंगा हो गया है।

### 28 फरवरी को शुरू हुआ था युद्ध

यह युद्ध 28 फरवरी को तब शुरू हुआ, जब अमेरिका और इस्राइल ने ईरान पर हमले शुरू किए। दोनों देशों ने आरोप लगाया कि ईरान परमाणु हथियार विकसित कर रहा है, जिससे दुनिया के खतरा पैदा हो सकता है। इसके बाद इस युद्ध का दायरा बढ़ा, जिसमें चरमपंथी समूह हिजबुल्ला और हूती भी शामिल हुए। इसके बाद इस्राइल ने लेबनान में हमले तेज किए। हालांकि, इस्राइल और लेबनान सरकार के बीच युद्ध विराम हुआ है, लेकिन इस्राइल के दक्षिण लेबनान में हमले थमे नहीं हैं।

इधर, ईरान और अमेरिका के बीच अस्थायी संघर्षविराम लागू है। हालांकि, अमेरिकी सेना की ओर से ईरानी बंदरगाहों और जहाजों की नाकाबंदी जारी है। इससे युद्ध फिर से भड़कने का खतरा बना हुआ है।

# शहबाज शरीफ के तीखे तेवर, कहा- पाकिस्तान अब एक जिम्मेदार राष्ट्र, हर हमले का देंगे जवाब

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा है कि पाकिस्तान अब एक जिम्मेदार राष्ट्र के रूप में पहचाना जाता है, जो न केवल अपनी रक्षा करना जानता है, बल्कि वैश्विक शांति और स्थिरता की गारंटी देने वाला बनकर भी उभरा है। मारका-ए-हक के एक साल पूरे होने पर शनिवार देर रात प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी संदेश में शहबाज शरीफ ने शत्रुता के दौरान सशस्त्र बलों द्वारा निभायी गयी भूमिका की सराहना की। पाकिस्तान ने पिछले वर्ष भारत के साथ हुए चार दिन के संघर्ष को मारका-ए-हक नामक दिया था। पहलगाम आतंकी हमले में 26 लोगों के मारे जाने के बाद भारत ने पिछले वर्ष छह-सात मई की दरमियानी रात को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था।



इसके तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ढांचों के नौ ठिकानों पर हवाई हमले किए गए थे, जिनमें कम से कम 100 आतंकवादी मारे गए थे। इस कार्रवाई के बाद दोनों देशों के बीच तनाव तेजी से बढ़ गया था। पाकिस्तान ने जवाबी हमले किए थे। हालांकि भारतीय सेना ने उनमें से अधिकांश को विफल कर दिया था। दोनों देशों के सैन्य अधिकारियों के बीच हॉटलाइन पर हुई बातचीत के बाद 10 मई को सैन्य कार्रवाइयों को रोकने पर सहमति बनने के साथ संघर्ष समाप्त हुआ था। शहबाज शरीफ ने कहा कि थल, जल, वायु और साइबर क्षेत्रों में पाकिस्तान की सेनाओं के समन्वित जवाब ने देश की रक्षा क्षमताओं और राष्ट्रीय संकल्प को मजबूत किया। उन्होंने चेतावनी दी कि पाकिस्तान के खिलाफ किसी भी आक्रामकता का तत्काल, उचित और हर स्तर पर जवाब दिया जाएगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान अब एक जिम्मेदार राष्ट्र के रूप में पहचाना जाता है, जो न केवल अपनी रक्षा करना जानता है, बल्कि वैश्विक शांति और स्थिरता की गारंटी देने वाला भी बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका-ईरान संघर्ष के दौरान मध्यस्थ के रूप में पाकिस्तान की भूमिका और हिंसा समाप्त कराने में उसके प्रयासों की दुनिया भर में सराहना की गयी है। शहबाज शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए अपने प्रयास जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है। सुरक्षा स्थिति का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद के खिलाफ अपनी कार्रवाई जारी रखेगा और अपनी सीमाओं पर सतर्कता बनाए रखेगा। कश्मीर का जिक्र करते हुए शहबाज शरीफ ने कहा कि यह मुद्दा दक्षिण एशिया में शांति और स्थिरता से जुड़ा हुआ है। सोशल मीडिया पर एक अलग पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि मारका-ए-हक पाकिस्तान की संप्रभुता और राष्ट्रीय सम्मान की रक्षा के सामूहिक संकल्प, राष्ट्रीय एकता और दृढ़ता का प्रतीक बना रहेगा।

# अमेरिका में एक पाकिस्तानी समेत 3 लोग गिरफ्तार, कनाडा तक करते थे हथियारों की तस्करी

**नई दिल्ली।** संयुक्त राज्य अमेरिका से कनाडा में 89 हथियार की तस्करी के प्रयास में एक पाकिस्तानी नागरिक सहित तीन लोगों पर अमेरिका में आरोप तय किए गए हैं। इन बरामद हथियारों में से कम से कम 17 हथियार चोरी के बताए जा रहे हैं।

दक्षिणी न्यूयॉर्क जिले के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के अटॉर्नी कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, यह गिरफ्तारियां गुरुवार को स्टेट रूट 90 पर न्यूयॉर्क स्टेट पुलिस द्वारा की गई एक वाहन चेकिंग के दौरान हुईं। अधिकारियों ने बताया कि पूछताछ के दौरान वाहन में सवार लोगों के असंगत और गोलमोल जवाबों से पुलिस को शक हुआ, जिसके बाद वाहन की तलाशी ली गई।

अधिकारियों ने हथियारों का एक बड़ा जखीरा बरामद किया, जिसमें कार की पिछली सीट के नीचे छिपाए गए कई अतिरिक्त हथियार भी शामिल थे। आरोपियों की पहचान 22 वर्षीय कनाडाई नागरिक मलिक ब्रोमफील्ड, 25 वर्षीय पाकिस्तानी नागरिक फैजान अली और 22 वर्षीय कमाल सलमान के रूप में हुई है। तीनों को बाद में व्हाइट प्लेन्स में संघीय मजिस्ट्रेट जज के सामने पेश किया गया, जहां से उन्हें हिरासत में भेजने का आदेश दिया गया।



अधिकारियों ने यह भी आरोप लगाया कि फैजान अली के पास किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर जारी किया गया एक एक्सपायर पाकिस्तानी राष्ट्रीय ड्राइविंग परमिट मौजूद था।

आरोपियों पर कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं, जिनमें अमेरिका से हथियारों की तस्करी, हथियारों का बिना लाइसेंस व्यापार, चोरी के हथियारों का अंतरराज्यीय परिवहन और आग्नेयास्त्रों को अवैध रूप से अपने पास रखना शामिल है। इसके अलावा, मलिक ब्रोमफील्ड पर एक विदेशी नागरिक द्वारा अवैध रूप से हथियार रखने का अतिरिक्त आरोप भी लगाया गया है। अभियोजकों के अनुसार, इन आरोपों के तहत 5 से 15 साल तक की अधिकतम वैधानिक जेल की सजा का प्रावधान है, हालांकि अंतिम सजा का निर्धारण अदालत द्वारा किया जाएगा। इन गिरफ्तारियों की आधिकारिक घोषणा अमेरिकी अटॉर्नी जे क्लेटन, एफबीआई के असिस्टेंट डायरेक्टर इन चार्ज जेम्स सी. बार्नकल जूनियर और एटीएफ (अळत्रः) के स्पेशल एजेंट इन चार्ज ब्रायन डिगिरोलामो ने की।

### क्या है पूरा मामला?

अमेरिकी अटॉर्नी क्लेटन ने कहा कि जैसा कि आरोप है, प्रतिवादियों को देश से बाहर तस्करी करने के लिए 80 से अधिक बंदूकों को ले जाते हुए पकड़ा गया है, जिनमें शॉर्ट-बैरल राइफलें और चोरी के हथियार शामिल हैं।

# रविवार को टेनेरिफ द्वीप पर पहुंचा हंटावायरस से प्रभावित शिप, डब्लूएचओ चीफ भी गए स्पेन

**नई दिल्ली।** क्रूज ऑपरेटर ओशनवाइड एक्सपीडिशन्स ने शनिवार को बताया कि हंटावायरस से प्रभावित डच-फ्लैग वाले जहाज एमवी होंडियस पर सवार यात्री और चालक दल के कुछ सदस्य रविवार को सुबह लगभग 07:00 जीएमटी से टेनेरिफ में उतरना शुरू करेंगे। कंपनी ने बताया कि जहाज के सुबह 04:30 जीएमटी पर ग्रेनाडिला, टेनेरिफ पहुंचने की उम्मीद थी और जहाज से उतरने वालों को तुरंत उनके निर्धारित विमानों में ट्रांसफर कर दिया जाएगा।

### डब्लूएचओ ने क्या कहा?

विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक टेड्रोस एडनॉम घेब्रेयसस के टेनेरिफ में इस रेस्क्यू अभियान के समन्वय में मदद करने की उम्मीद है। स्पेनिश द्वीप के लोगों के नाम लिखे एक खुले पत्र में उन्होंने कहा कि वायरस से प्रभावित इस जहाज से उन्हें जो खतरा है वह कम है।

घेब्रेयसस ने लोगों को आश्वस्त करते हुए लिखा कि मैं चाहता हूं कि आप मेरी बात स्पष्ट रूप से सुनें कि यह कोई नया कोविड नहीं है। हंटावायरस से वर्तमान सार्वजनिक स्वास्थ्य जोखिम कम है।



एएफपी की रिपोर्ट के अनुसार, स्पेन की स्वास्थ्य मंत्री मोनिका गार्सिया गोमेज ने स्पष्ट किया है कि कैनरी द्वीप समूह में न तो यात्रियों का सामान और न ही मृतक व्यक्ति का शव उतारा जाएगा, वे चालक दल के एक हिस्से के साथ जहाज पर ही रहेंगे। वर्तमान में जहाज पर 20 से अधिक देशों के नागरिक सवार हैं। डब्लूएचओ, स्पेनिश अधिकारियों और ओशनवाइड ने शनिवार को बताया कि फिलहाल जहाज पर मौजूद किसी भी व्यक्ति में वायरस के लक्षण नहीं दिखाई दे रहे हैं।

हालांकि, इस प्रकोप के शुरू होने के बाद से अब तक तीन यात्रियों की मौत हो चुकी है। इसके अलावा, जहाज से पहले ही उतर चुके पांच अन्य यात्रियों के भी हंटावायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है।

स्वास्थ्य अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि की है कि संक्रमित यात्रियों में एंडीज वायरस पाया गया है। यह हंटावायरस का एकमात्र ऐसा ज्ञात स्ट्रेन है जो दुर्लभ मामलों में एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैल सकता है, जिसने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिंता बढ़ा दी है।

हंटावायरस आमतौर पर संक्रमित चूहों के मल-मूत्र के संपर्क में आने या सांस के जरिए उसे अंदर लेने से फैलता है। इसके लक्षण संपर्क में आने के एक से आठ सप्ताह के बीच दिखाई दे सकते हैं।

### बिना ट्रेसिंग के यात्रियों के जाने से विवाद

डच अधिकारियों और जहाज के ऑपरेटर ने बताया कि 24 अप्रैल को जहाज पर पहले यात्री की मौत के लगभग दो सप्ताह बाद कम से कम 12 देशों के दो दर्जन से अधिक लोग बिना किसी कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग के जहाज से चले गए थे। इसके बाद स्वास्थ्य अधिकारियों ने पहली बार 2 मई को एक यात्री में हंटावायरस की आधिकारिक पुष्टि की थी।

# ईरान युद्ध में झलकी अमेरिकी सैन्य क्षमता पर चीन ने उठाए सवाल

**बीजिंग।** ईरान युद्ध में अमेरिकी हथियारों और मिसाइलों के तेजी से इस्तेमाल ने चीन को अमेरिका की सैन्य क्षमता पर सवाल उठाने का नया मौका दे दिया है।

चीनी सैन्य विश्लेषकों का कहना है कि लंबे संघर्ष ने अमेरिकी हथियार भंडार को कमजोर कर दिया है, जिससे ताइवान की रक्षा करने की उसकी क्षमता पर भी असर पड़ सकता है।

यह स्थिति अगले सप्ताह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग की प्रस्तावित शिखर वार्ता से पहले अमेरिकी दबाव की ताकत को कमजोर कर सकती है। अमेरिकी रक्षा विभाग के आंतरिक आकलनों के मुताबिक फरवरी के अंत से शुरू हुए युद्ध में अमेरिका अपने लंबी दूरी के स्टेल्थ क्रूज मिसाइलों का लगभग आधा भंडार खर्च कर चुका है। इसके अलावा अमेरिका एक साल में जितनी टॉमहॉक मिसाइलें खरीदता है, उससे करीब 10 गुना अधिक इस युद्ध में दाग चुका है। चीनी विश्लेषकों का मानना है कि इससे अमेरिकी वैश्विक सैन्य वर्चस्व की सीमाएं उजागर हुई हैं।

गाजियाबाद नगर निगम Ghaziabad Nagar Nigam (ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY

# यूपी गेट से मोदीनगर तक केसी त्यागी का भव्य स्वागत

## बोले- 2027 में और बड़े बहुमत से बनेगी एनडीए सरकार



**गाज़ियाबाद (करंट क्राइम)।** केसी त्यागी के रालोद में शामिल होने के बाद जनपद गाज़ियाबाद में प्रथम आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने यूपी गेट से लेकर मोदीनगर तक उनका भव्य स्वागत किया। जगह-जगह फूल-मालाओं, नारों और स्वागत कार्यक्रमों के बीच रालोद कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। मेरठ रोड स्थित रालोद कार्यालय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए के सी त्यागी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में रालोद जितना मजबूत होगा, एनडीए भी उतना ही मजबूत होगा। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में एनडीए पहले से भी बड़े बहुमत के साथ सरकार बनाएगा।

### कई स्थानों पर हुआ जोरदार स्वागत

करंट क्राइम। रालोद कार्यकताओं ने उनका स्वागत यू पी गेट, साहिबाबाद, मेरठ रोड रालोद कार्यालय, मोरटा, लैंडक्राफ्ट सोसायटी, असालतपुर, मुरादनगर और मोदीनगर सहित करीब एक दर्जन स्थानों पर किया। इस दौरान उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर और शहीद आशाराम त्यागी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।



### जनता की समस्याओं के समाधान के लिए आगे आएं कार्यकर्ता

करंट क्राइम। के सी त्यागी ने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे जनता के बीच जाएं और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष करें। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह ने लोकदल की स्थापना किसानों, मजदूरों, नौजवानों और दलितों की आवाज उठाने के उद्देश्य से की थी। रालोद उसी विचारधारा को आगे बढ़ाने का काम कर रहा है।

### ये रहे मौजूद

करंट क्राइम। इस अवसर पर रालोद जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह, सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी, राष्ट्रीय प्रवक्ता अजयवीर सिंह एडवोकेट, सुरेंद्र त्यागी, प्रदेश सचिव रणबीर दहिया, महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. पूनम गर्ग, क्षेत्रीय महामंत्री बिट्टू खंजरपुर, विनोद गौतम, अरुण दहिया एडवोकेट, अरुण कुमार भुल्लन, हिमांशु नागर, मनोज कुमार राठी, प्रदीप मुखिया, पप्पन मास्टर, देवेंद्र चेयरमैन पतला, अनिल त्यागी चेयरमैन निवाड़ी, योगेश फफराना, नरेंद्र जाटव, मनोज त्यागी, आलोक चौधरी, जयवीर नेहरा, अरुण कुमार शर्मा, अकरम खान, हाजी तौहिर, अनुज त्यागी, देवेंद्र प्रधान, जुनैद, बीर सिंह सलेमाबाद, सुमन चौधरी, राखी सिंधु, निहाल चंद जाटव, आकाश गौतम एडवोकेट, हरपाल सिंह एडवोकेट, जोनी जाटव, अमित जाटव और आदित्य गौतम एडवोकेट सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में दो युवकों की मौत, गांव में पसरा सन्नाटा



**मोदीनगर करंट क्राइम।** दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर रविवार को एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, दोनों की दर्दनाक मौत हो गई। गांव में सनाटा पसरा है।

भोजपुर थानान्तर्गत गांव पट्टी के सामने तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने रविवार को दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर गांव पट्टी के सामने तेज रफ्तार वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। दोनों युवक बाइक से एक्सप्रेस-वे से गुजर रहे थे, तभी पीछे से आए अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा इतना भीषण था, कि टक्कर लगते ही बाइक सवार दोनों युवक कई फीट दूर सड़क पर जा गिरे। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत दौड़कर उन्हें संभालने की कोशिश की और पुलिस को सूचना दी। पुलिस व स्थानीय लोागों की मदद से दोनों को गोविंदपुरी स्थित सामुदायिक स्वस्थ्य केन्द्र ले जाया गया जंहा चिकित्सकों ने दोनों को मुत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही परिजनों ओर ग्रामीणों को हंजूम लग गया। मृतकों की पहचान गांव पट्टी निवासी दीपु व सागर के रूप में हुई है। दोनों युवकों की अचानक मौत की खबर सुनते ही परिवारों में कोहराम मच गया। गांव में शोक का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने दोनों का पंचनामा भर पीएम के लिये भेज दिया है। पुलिस एक्सप्रेस-वे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि हादसा करने वाले अज्ञात वाहन की पहचान की जा सके। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपी चालक को चिन्हित कर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# हापुड़ में उपद्रव: 20 मिनट तक घरों और दुकानों में तोड़फोड़, छतों से किया पथराव, हुआ लाठीचार्ज; बवाल की कहानी

**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ के साठा चौरासी क्षेत्र में महाराणा प्रताप जयंती की शोभायात्रा के समापन के बाद गांव देहरा में पुलिस की मौजूदगी में हालात बिगड़ गए। ड्रोन और फोर्स तैनात होने के बावजूद करीब 20 मिनट तक जमकर पथराव हुआ। उपद्रवी घरों की छतों पर चढ़ गए और दुकानों में घुसकर तोड़फोड़ की। ग्रामीणों ने महिलाओं से अभद्रता और मारपीट का भी आरोप लगाया है।

पुलिस ने मौके से 30 से अधिक बाइकें जब्त की हैं। घटना में एक दरोगा समेत सात लोग घायल हुए हैं। पुलिस वीडियो और पूछताछ के आधार पर उपद्रवियों को चिह्नित कर रही है। परंपरा के अनुसार, साठा चौरासी क्षेत्र में तीन मुख्य शोभायात्राएं निकलती हैं।

गांव देहरा में महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पगड़ी चढ़ाकर समापन होता है। शनिवार को समापन के बाद गुटका लेने को लेकर हुए विवाद ने तूल पकड़ लिया। भीड़ बेकाबू हो गई और दोनों ओर से पत्थरबाजी शुरू हो गई। मौजूद पुलिसकर्मियों के हाथ-पांव फूल गए। पत्थर लगने से एक



दरोगा घायल हो गए। कुछ युवक ग्रामीणों की छतों पर चढ़ गए। एक युवक छत से गिरा तो भीड़ ने उसे बुरी तरह पीट दिया। वह गंभीर रूप से घायल है। वायरल वीडियो में युवक खुद को बचाता नजर आ रहा है। कुछ घरों में घुसकर भी तोड़फोड़ की गई।

### देर रात तक डटे रहे अधिकारी

घटना के बाद क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात किया गया। एडीजी भानू भास्कर के अलावा डीआईजी कलानिधि नैथानी भी मौके पर पहुंचे। देर रात तक सभी अधिकारी धौलाना थाने में डटे रहे। पुलिस जब्त वीडियो और पूछताछ के आधार पर आरोपियों की पहचान में जुटी है।

# सीडीटीआई गाजियाबाद में आज जुटेंगे भारत समेत चार देशों के सुरक्षा विशेषज्ञ, आतंकवाद और कट्टरपंथ पर होगा मंथन

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद स्थित केंद्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थान (सीडीटीआई) में सोमवार से कोलंबो सिक्योरिटी कॉनक्लेव देशों के लिए काउंटर टेररिज्म एंड रेडिकलाइजेशन विषय पर तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू होगा।



कार्यक्रम में श्रीलंका, मॉरीशस, मालदीव्स और सेशल्स के पुलिस अधिकारियों के साथ भारतीय पुलिस सेवा, केंद्रीय पुलिस बल एवं प्रदेश पुलिस बल के कुल 29 वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ भारत सरकार के संयुक्त सचिव सुबह 10 बजे सीडीटीआई कैंपस में करेंगे। कार्यक्रम के दौरान आतंकवाद, कट्टरपंथ और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों से निपटने की रणनीतियों पर मंथन होगा। सीडीटीआई गाजियाबाद के पुलिस उपाधीक्षक ब्रह्मपाल सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम सदस्य देशों के बीच सुरक्षा सहयोग और समन्वय को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति करंट क्राइम

Dr Anil Agrawal
25m ·

आज दिल्ली में संघ विचारक, पूर्व राज्यसभा सांसद मेरे परम मित्र श्री राकेश सिन्हा जी के बिटिया सौ. नयन सिन्हा की शादी के शुभ अवसर पर वर-वधु को आशीर्वाद दिया...!!

Rakesh Sinha



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व राज्यसभा सांसद डॉक्टर अनिल अग्रवाल का एक अंदाज यह भी है कि वह हमेशा अपनों की खुशियों को साझा करते हैं। पूर्व सांसद, संघ विचारक तथा डॉक्टर अनिल अग्रवाल के परम मित्र राकेश सिन्हा की बिटिया के विवाह अवसर पर अनिल अग्रवाल शामिल हुए। इस सुखद पल को उन्होंने फेसबुक पोस्ट पर साझा किया उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# मधुबन बापूधाम में बनेगा ओपन थियेटर, कार्य शुरू



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** जनपद में कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए मधुबन बापूधाम के औद्योगिक क्षेत्र में ओपन थियेटर का निर्माण किया जाएगा। शनिवार को इसका निर्माण कार्य शुरू किया गया। यह थियेटर लाइट और अन्य सुविधाओं से लेस होगा। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) इस कार्य पर एक करोड़ रुपये खर्च करेगा।



जीडीए उपाध्यक्ष नंदकिशोर कलाल ने कहा कि यह थियेटर आम लोगों के लिए है। जहां आने वाले दिनों जिले में कला को बढ़ा देने वाले कार्यक्रम आयोजित हो सकेंगे। इसके कार्य को जल्द पूरा किया जाएगा। नाटक कला और संगीत को मिलेगा खुला मंचः जानकारी के अनुसार गाजियाबाद में अभी तक इस प्रकार से कोई बढ़ा ओपन थियेटर नहीं है, जहां नाटक कला, संगीत, कवि सम्मेलन समेत अन्य कार्यक्रम हो सकें। ओपन थियेटर के आसपास पार्क में बच्चों के लिए कई प्रकार की सुविधाएं रहेंगी। ऐसे में वह परिवार से बेहतर पिकनिक स्पॉट के रूप में तैयार किया जा रहा है। मधुबन बापूधाम को लेकर प्राधिकरण कई विकास कार्य कर रहा है। बुनकर मार्ट को शुरू करने से पहले गोविंदपुरम से वहां तक जाने वाली सड़क को भी 12 करोड़ रुपये में तैयार किया जा रहा है।

## प्रस्तुति दैनिक करंट क्राइम — जुबान संभाल के



सुभाष शर्मा | वरिष्ठ संवाददाता

### मैदान वाले तो हो जायें राजी मगर पहाड़ वाले तो हमेशा रहे हैं बागी

सबसे बड़ी विधानसभा में अब पहाड़ वालों की दहाड़ सुनाई दे रही है। पहाड़ वाले पार्षद ने मजमा जुटा लिया और यहां बात हुई कि हमें कब भागीदारी मिलेगी। सबको अधिकार है और सबको ये हक है कि वो अपनी सियासी भागीदारी की मांग करे। मगर बात नदिया पार के ही पूर्वांचल समाज से बाहर निकल कर आई है। वो कह रहे हैं कि पार्टी प्रोटोकॉल है मगर हम इतना बता दें कि मैदान वाले तो इनके लिए राजी हो जायें मगर ये तो बागी रहते हैं। सीधे सीधे बताया कि रावत को नामित बनाया। मगर फिर भी वो बागी हो गये और गुलाब के फूल पर चुनाव लड़े, हार गये। नदिया पार की रावत मैडम बागी होकर घंटी के चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड़ी, हार गईं। दूसरी मैडम चुनाव जीतीं मगर क्रास वोट से लेकर कबाड़ी वाले ऑडियो वीडियो सामने आ गये। अब पूर्वांचल वाले ये पूछ रहे हैं कि भागीदारी तो ठीक है मगर इस अदावत में ये तो पता चले कि बगावत कब-कब की है।

### वो अभी से पूछने लगे हैं कि आप कहें तो मैं वार्ड का चुनाव लड़ लूं क्या

वैसे तो अभी समय है। जब आपको गली की दीवार पर, खंभे पर लगे बैनर पर फोन के स्क्रीन पर बहुत सारे भैया, जनसेवक, समाजसेवी, दीदी आदि इत्यादि हाथ जोड़े हुए पोज में सेवा की बात करते दिखाई देंगे। आलम ये होगा कि अगर जनता ने सेवा का मौका ना दिया तो ये डिप्रेशन में भी आ सकते हैं। अभी इस सीन में कम से कम आठ महीने बाकी हैं। लेकिन कुछ आरडब्लूए के एक्स हो चुके पदाधिकारी अभी से एक्टिव हो गये हैं। वो पूछ रहे हैं कि यदि आप कहें तो मैं चुनाव लड़ लूं क्या। मौहल्ले का चुनाव लड़ना है और सीन ये हो गया कि जिससे पूछने गये थे उसने ही साफ कह दिया कि मुझे खुद चुनाव लड़ना है मैं तुम्हें क्या एडवाईज दूंगा और जाते जाते ये भी याद दिला दिया कि मियां तुम तो आरडब्लूए वाले चुनाव हार गये थे तो वार्ड वाले चुनाव से ज्यादा उम्मीद मत लगाना।

### बहुत सारे ठेकेदारों का उतर गया है बुखार और उनका भी उतर जायेगा

ठेकेदारी का बुखार कोई नया नहीं है। सरकार आने के साथ ये बुखार तेजी से चढ़ता है और सिस्टम की डोलो खाने के बाद अपने आप उतर जाता है। बात अकेले फूल वालों की नहीं है। जब साईकिल वालों की सरकार थी तो एक मैडम जीडीए से लेकर निगम तक हर ठेके में पत्ती चाहती थी। हाथी वालों की सरकार में भी नए नए महावत रोजाना रजिस्ट्रेशन कराते थे। जब फ्लावर वाली आंधी आई तो सबसे ज्यादा भीड़ नगर निगम में नजर आई। कोई निगम की इमारत को पीला पोतने लगा तो कोई आरईएस में जाकर ठेकेदारी करने लगा। सुना है एक पॉवर वाले फूल ने तो ठेकेदारी का टॉवर ही खड़ा कर लिया था। ये बाबू शाही है और जानती है कि काबू में कैसे करना है। अब केसरिया ठेकेदार नजर ही नहीं आते। आते भी हैं तो उतने पॉवर में नजर नहीं आते। विभाग के बाबू ने ही इस बात पर जवाब दिया कि जैसे पहले वालों का बुखार उतरा है वैसे ही इन वालों का भी उतर जायेगा। इन्हें पता ही नहीं है कि ये विकास का मायाजाल है और निर्माण वालों से लेकर भुगतान वालों तक दिये बिना बचकर कहां जायेगा।

## दैनिक करंट क्राइम — उठते सवालों का करंट



दीपक भाटी
समाचार सम्पादक

- क्यों कहा कहने वाले ने कि अभी भी जनरली साहब से है भगवागढ़ के जाट चेहरों को आस? हमने देखा मौके पर तेवतिया जी भी थे मौजूद? नजर आ रहे थे वहीं रावत भाई साहब? कहने वाले ने कहा दोनों के पास है एक तीर? और साधना चाह रहे हैं एक जैसा निशाना? कहने वाले ने कहा कि ये जानते हैं साहब की महिमा आज भी अपरम्पार है? इनके लिए प्रसाद है उनके द्वारा इनका नाम चर्चा में चलाना?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि हमने जैसे ही की जनरली साहब के बर्थडे में एन्ट्री? हमें हुए वहां सड़क पर पूर्व जिलाध्यक्ष सतपाल चौधरी के बड़े बड़े होर्डिंग के दीदार? हम उनके इस प्रेम को देखकर समझ गये कि कुछ तो मामला है यार? जब टटोला तो हुआ इस बात का एहसास? प्रधान जी भी देख रहे हैं क्रान्तिकारी धरा से विधायक बनने का ख्वाब? उन्होंने चुनाव है अब जनरली साहब का रास्ता? देखना अब ये है होर्डिंग की आभा से कितना रखेंगे रखने वाले इनसे वास्ता?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा मैम्बरों ने अंदरखाने चलाया हुआ है हस्ताक्षर अभियान? कहने वाले ने कहा इस अभियान के निशाने पर हैं कोई बड़े चेहरे विराजमान? कहने वाले ने कहा इस अभियान का तैयार हो रहा है बहुत जबरदस्त मैटर? साथ में अटैच किया जायेगा इसके लैटर? फिर की जायेगी पूरी व्यथा को लेकर योगी जी से मुलाकात? कहने वाले ने कहा कि ये आज नहीं तो कल जरूर बाहर आयेगी बात?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि भले ही साहब के जन्मदिन के सेलीब्रेशन को लेने वाले ले रहे हों सामान्य तौर पर? मगर एक चर्चा है कि कई मजबूत चेहरे ले रहे हैं इसको गौर कर? वो तलाश रहे हैं इसमें छुपी हुई सियासत का प्लान? कह रहे हैं देखना अब इस बर्थडे के बाद परिवार वालों की चहलकदमी पहले से ज्यादा बढ़ेगी? क्योंकि ये कन्फर्म है कि एक विधानसभा में जरूर शॉर्टलिस्ट होगा ठाकुर चेहरे का नाम?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि हम बैठे थे साहब के बर्थडे में कई लोगों के साथ? हमने देखा ये सभी चेहरे भगवा थे और कर रहे थे खास बात? कह रहे थे कि जनप्रतिनिधियों को रखना चाहिए प्रोटोकॉल का ध्यान? साहब को अगर मिलने आ जायेंगे तो क्या बिगड़ जायेगा श्रीमान? कहने वाले ने कहा कि रखने वालों को रखना चाहिए प्रोटोकॉल का ध्यान? कभी कभी दिल को दरिया कर लेना चाहिए ताकि हो जाये समाधान?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि साहब के बर्थडे में नदिया पार के असरदार सरदार खा रहे थे केक? फिर बोले मैं यहां पर बात बोल रहा हूं बिल्कुल खालिस? जो नहीं है बिल्कुल भी फेक? सरदार ने मौके पर ही कर दिया ऐलान? कहा सबसे ज्यादा गाजियाबाद में मजबूत था साहब का नाम? उनकी मुश्किल है कर पाना हिरस? ये शब्द जब मिस्टर भाटी कह रहे थे तब दिख रहे थे उनके अंदाज बिग स्माईल के साथ एकदम कड़क?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि हम एक बात बता रहे हैं आपको राजा? सुबह का मौसम था ताजा-ताजा? जायसवाल जी को था कोई जरूरी काम? वो साहब के बर्थडे वाले टाईम पर नहीं आ सकते थे श्रीमान? हमने देखा उन्होंने सुबह 7 बजे ही दे दी साहब के घर पर दस्तक? करा दिया एहसास आप ही हैं हमारे लिए खास? कहने वाले ने कहा यहां सुबह वो कर रहे थे जहां साहब से बर्थडे विश वाली मुलाकात? हमने वैश्य नेता के प्रति तो नहीं देखे उनके कभी ये वाले अंदाज?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि समाजवादी पार्टी के जिन दावेदारों के दिल में उठ रही है विधानसभा चुनाव लड़ने की आग? हमारा उनसे कहना कि एक बार दिखायें तो सही अपना प्रभाव? पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा की तरह बड़ी जनसभा करके दिखायें तो सही टिकट मांगने वाले अपना दम? चुनौती शहर सीट से लेकर मुरादनगर और मोदीनगर के साथ लोनी वाले स्वीकार करके दिखायें? आखिर सामान्य तरीके से तो टिकट कोई भी मांग सकता है जनाब?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि जब बजे रात के 12 तब हमने देखा एक नजारा? तब हमें एहसास हुआ कि क्यों कमांडर का चेहरा उनके समर्थकों को लगता है प्यारा? हमने देखा कि 12 बजते ही उन्होंने हाथ में केक लेकर दे दी महिम गुप्ता के घर पर दस्तक? ये नजारा देखकर हैरान हो गये मंडल अध्यक्ष का मस्तक? कहने वाले ने कहा कार्यकर्ताओं को ऐसी ही बातें लगती हैं नाईस? जीत लेता है वो व्यक्ति उनका दिल? देकर कमांडर की तरह सरप्राईज?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि विधानसभा चुनावों को लेकर आपने बता दी प्रधान जी की जनरली साहब से आस? मगर आपको यहां पर करनी चाहिए नदिया पार के भगवा त्रिपाठी जी की भी बात? आपने देखा नहीं उन्होंने कितनी देर तक डाले रखा था साहब के बर्थडे पर डेरा? ऐसा लग रहा था जैसे पहुंच गये हों खिलते ही सवेरा? कहने वाले ने कहा उम्मीद पर दुनिया कायम है? त्रिपाठी जी पर भी साहब की कृपा होगी? जल्द दूर होगा उनकी उम्मीदों पर छाया अंधेरा?

नोट: उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट: चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।